प्रकाशन का 41 वां वर्ष

# शैल समाचार

सरोकारी पत्रकारिता के लिए समर्पित
निष्पक्ष एंव निर्भीक साप्ताहिक

ई–पेपर
प्रदेश का पहला ऑनलाईन साप्ताहिक

www.facebook.com/shailshamachar

वर्ष 41 अंक–33 पंजीकरण आरएनआई 26040/74 डाक पर्जीकरण एच. पी./93 /एस एम एल Valid upto 31-12-17 सोमवार 15–22 अगस्त 2016 मूल्य पांच रूपए

# वीरभद्र और सुभाष आहलूवालिया के मामलों में ईडी का अलग–अलग आचरण सवालों में

**शिमला/शैल।** मुख्यमन्त्री वीरभद्र सिंह और उनके प्रधान निजि सचिव सुभाष आहलूवालिया के मामलों में ईडी के अलग–अलग आचरण को लेकर सवाल उठने शुरू हो गये हैं। स्मरणीय है कि मुख्यमन्त्री वीरभद्र सिंह के खिलाफ सीबीआई में दर्ज आय से अधिक संपत्ति का मामला ईडी में उनके एलआईसी ऐजैन्ट आनन्द चौहान की गिरफ्तारी तक जा पहुंचा है। वीरभद्र और उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय से लगातार सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। लेकिन अभी तक सफलता नही मिली है। जबकि सुभाष आहलूवालिया के मामले में ईडी एकदम खामोश बैठ गया है। ईडी की इस खामोशी को लेकर जांच ऐजैन्सी की निष्पक्षता और उसमें संभावित जुगाड़तन्त्र को लेकर हर तरह के सवाल उठने लग पड़े हैं।

स्मरणीय है कि ईडी में 2015 के शुरू में ही दो वकीलों अजय पराशर और अनिल कालिया द्वारा कालेधन पर गठित एसआईटी के सदस्य सचिव एम एल मीणा को सुभाष आहलूवालिया के खिलाफ भेजी शिकायत मिली थी। शिकायत में आहलूवालिया के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और मनीलॉडरिंग के गंभीर आरोप लगाये गये हैं। कालेधन पर गठित एसआईटी को भेजी यह शिकायत जब सामान्य विभागीय प्रक्रिया के तहत ईडी के पास पहुंची तो इसे अगली कारवाई के लिये शिमला कार्यालय को भेजा गया था। ईडी के शिमला कार्यालय में पहुंची इस शिकायत पर सुभाष आहलूवालिया को अपना पक्ष रखने के लिये नोटिस भेजा गया था। नोटिस में यह कहा गया था कि अमेरीका में उनके कथित कज़िन नरेश आहलूवालिया के साथ उनके रिश्तों तथा नरेश आहलूवालिया के विषय में विस्तृत जानकारी जानने के लिये उन्हें तलब किया गया है। लेकिन जैसे ही इस नोटिस के भेजे जाने के समाचार छपे उसी के साथ ईडी के शिमला स्थित सहायक निदेशक भूपेन्द्र नेगी की प्रतिनियुक्ति रद्द किये जाने को लेकर प्रदेश सरकार को पत्र भेज दिया। इस पत्र के साथ बढ़े विवाद पर भाजपा ने प्रदेश विधान सभा में हंगामा खड़ा कर दिया था। सदन की कारवाई बाधित कर दी गयी थी। उस समय मुख्यमन्त्री ने सदन को बताया था कि सुभाष आहलूवालिया का मामला चण्डीगढ़ स्थानान्तरित हो चुका है। चण्डीगढ़ कार्यालय के मुताबिक यह मामला दिल्ली स्थानान्तरित हो चुका है। यह एक गंभीर शिकायत थी जिस पर सदन की कारवाई बाधित कर दी गयी थी।

लेकिन इस विवाद के बाद आज तक इस शिकायत को लेकर और कोई कारवाई सामने नहीं आयी है। शिकायत में 103 करोड़ के कालेधन तथा सोलह बैंक खातों और उन्नीस संपतियों का विवरण है। सबसे रोचक पक्ष यह है कि जब यह शिकायत चर्चा में आयी थी उस समय वीरभद्र परिवार के खिलाफ सीबीआई या ईडी में कहीं कोई मामला नहीं था। लेकिन उसके बाद वीरभद्र के परिवार के खिलाफ दर्ज मामले कहीं के कहीं पहुंच गये है। जबकि सुभाष के मामलों को भाजपा और ईडी तक सभी भूल गये हैं। ईडी के इस तरह के आचरण को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्मरणीय है कि धूमल शासन में विजिलैन्स द्वारा शुरू की गई इस जांच का चालान विशेष न्यायाधीश वन की अदालत में पहुंचा था लेकिन इस पर कोई फैंसला आने से पहले ही सरकार बदल गयी और वीरभद्र सत्ता में आ गये तथा इस मामले को वापिस ले लिया गया। इसी कारण यह शिकायत नये सिरे से उठी और ई डी तक पहुंची है। यह शिकायत पाठकों के सामने यथास्थिति रखी जा रही है।

# यह है आहलूवालिया के खिलाफ शिकायत

To,
Sh. M.L. Meena ,IAS
Member Secretary,
Special Investigation team on Black Money
Ministry of Finance, Government of India
North Block, New Delhi-1

Sub:- Money Laundering and accumulation of amass Black Money by Sh. Subhash Ahluwalia IAS (retd)

Sir,

Today when our country and government is fighting against the evil of corruption and the present government has shown its commitment in bringing back Black Money and for this purpose have appointed officers of great integrity like your goodself, we as the citizen of this nation also feel to provide you certain information related to corrupt officials who are living without any fear of law.

Introduction:-

Sh. Subhash Ahluwalia retired from IAS (H.P.Cadre) in 2012 but was reappointed as Principal Private Secretary to Chief Minister of Himachal Pradesh in 2013. Its also evident to know that he had served the same Chief Minister (Virbhadra Singh) in the same capacity from 2003 to 2007 when he was removed unceremoniously from the post due to various complaints of corruption, money laundering and Black Money. Any how this fellow managed to get the prime posting again reasons better known to the appointing authority.

Sir here we would like to bring to your notice and information that in year 2008 the Himachal Pradesh government constituted a SIT probe against him on various complaints of corruption and accumulation of Black Money. The team was headed by a IPS officer and special assistance of Charted accountant Rajeev Sood was also take to scrutinize his ITR's and Bank details.

In its findings after investigation the SIT observed ' it is quite evident that both Subhash Ahluwalia and Smt. Meera Ahluwalia (Wife) are in possession of assets as well as cash more than their know source of income and have not been able to account satisfactorily of pecuniary resource of the properties in their and family members name." The offence under section 13 (i) (e) r/w 13 (2) PCA act, 1988 is made out against both (Annexure-1) and also u/s 172 of CRPC and further challan was submitted in the court of Ld. Special Judge Forests Shimla and prosecution sanction was applied from their respective departments.

In its investigations the SIT also observed that both the Children of Sh.Subhash Ahluwalia studied in United States of America but after every Scrutiny of his bank accounts there seems to be no evidence that any kind of Fees or other expenses are paid by him or his wife to their children studying abroad and that too in GW University. In their statement recorded by SIT (Annex-1, (A) the couple says that the expense were taken care by his their cousin a gentleman named Naresh Ahluwalia a citizen of U.S. but surprisingly the couple was not able to provide any more information about this cousin and more over no communication was received by the SIT from his. This clearly shows that Sh. Subhash Ahluwalia has deposited huge amounts overseas which were and are managed by his children who still reside in U.S.

HAWALA and shady Deals:

1. As mentioned earlier that Sh. Subhash Ahluwalia was also PS to Chief Minister in 2003 -2007 when large number of projects and industrial investments took place in the State of Himachal Pradesh. Below are some of his shady deals, which need to be investigated:

2. An amount of Rs. 9 crore was received by him from the Lafarge Cement Company to set up cement plant in Karsog , Distt. Mandi H.P. this money was siphoned off to United States through HAWALA.

3. An amount of Rs. 15 Crores was received by him from Sh. S.K.Goel of Bajarang Power and Ispat Ltd. Raipur Chhatisgarh and IA Enegry Ltd. for allotment of 2 power projects namely Rupin in Shimla and Chhanju in Chamba. This money was deposited with Mr. S.K. Talwar of Jay Pee Group as a part of Ahluwalia ' investment in the group.

4. An amount of Rs. 3 Crore was given to Ahluwalia by Vinay Kadia of Bhamwari Sunda Hydro Electric Project for providing special extension in 2014.

5. Rs. 2 Crore was given to him by Mr.G.S .Bahara of Rayat and Bahara University Solan for getting the environment clearance from the State Year 2013.

6. Himachal Pradesh Government raised certain objections in MM University for Medical Sciences Solan and even an FIR was registered against the Management of the University by the Department of Health and Medical Eduction Govt. of Himachal Pradesh to remove all these objections and set the things right, Mr. Ahluwalia took 12.5 crores from the owner of this university.

7. GMR a prestigious company got 180 MW Holibijoli Hydro Project in Chamba. GMR for a long time was facing objections from the local people regarding change of their site. The present government was also not in a mood to give them any relief due to local and political resistance. Again it was Sh. Shubhash Ahluwalia who intervened and mediated further by using the name of Chief Minister, he constituted a team of officers of Department of Energy under Shubhash Gupta, Chief Engineer and further made a report in favour of GMR, which allowed them to change the site in spite of objections and resistance. A deal of Rs. 5 Crore took place between Sh.Ahluwalia and GMR officials, Mr. M. Subarao, Mr.V.K. Sharma. Rs. 2.5 Crore was delivered to Sh. Anil. Walia of HIMLAND HOTEL and MAHASU RESORTS and Rs. 2.5 Crore was delivered in his sister –in –laws residence in Munirka New Delhi. Interestingly the chief Engineer Mr. Shubhash Gupta who gave this report was re-habilitated As Chief Consultant in Dept.of Energy after his retirement.

8. AMR-MITRA DEAL:- Infrastructure company AMR and MITRA has a hydro project in joint venture of 90 MW named Tingrit in LAHAUL Valley which was allotted to them in year 2009. Since 2009 they did not started any work so in 2013 when department of energy moved the cancellation of this project along with certain other projects, AMR's Mr.Shree Niwas uncle of Jaggan Reddy struck a deal with Aahluwaila and all other same projects, were cancelled, but AMR MITRA Tingrit project was granted special extension whereas it is evident that AMR-MITRA stands defaulter and has to pay Rs.4 Crore to the government of Himachal Pradesh. A deal of Rs.2 Crore took place between Ahluwalia and AMR and the same was delivered to him in shimla.

9. Abhilashi University Mandi–A Local educational institute in the name of Abhilashi Educational Society was running in Mandi, they aaplied for a private University in the year 2011 and the then Government rejected their

शेष पृष्ठ 7 पर...........

# मोबाईल, पेजर विधानसभा में ले जाने पर प्रतिबन्ध

**शिमला/शैल।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष बृज बिहारी लाल बुटेल ने आगामी मानसून सत्र के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबन्धों से सम्बन्धित विधानसभा सचिवालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में संजय कुमार पुलिस महानिदेशक, हिमाचल प्रदेश, सुन्दर सिंह वर्मा सचिव हिमाचल प्रदेश विधानसभा, जहूर जैदी पुलिस महा-निरिक्षक, कानून एवं व्यवस्था, दलजीत सिंह ठाकुर, डी. आई. जी., सी. आई. डी., डी. डब्लू. नेगी, पुलिस अधीक्षक, जिला शिमला, डी.के. रत्न अतिरिक्त जिलाधीश, जिला शिमला, विरेन्द्र शर्मा, पुलिस अधीक्षक, गुप्तचर विभाग (नार्कोटिक्स) जिला शिमला, बलदेव सिंह कंवर, कमाण्डेंट, गृह सुरक्षा, तृतीय वाहिनी, तथा विधानसभा अवर सचिव (प्रशासन) सुन्दर लाल नेगी शामिल थे।



बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि विधानसभा सचिवालय में ई-प्रवेश पत्र online आवेदन पर ही दिया जाएगा। ई-विधान प्रणाली के तहत विधानसभा सचिवालय इसे online तरीके से मुद्रित करेगी। यह आवेदन सभी ई-प्रवेश पत्र पाने वालों को अनिवार्य है। विधानसभा सचिवालय में ई-प्रवेश पत्र की जांच हेतु पुलिस द्वारा कम्पयुट्रीकृत जांच केन्द्र मुख्य द्वारों पर स्थापित किए जाएगें ताकि कम से कम असुविधा हो तथा जांच भी पूर्ण हो।

बुटेल ने कहा कि पूर्व की भांति इस बार भी क्यु.आर.कोड के माध्यम से फोटो युक्त ई-प्रवेश पत्र को लेपटॉप के माध्यम से प्रमाणित किया जाएगा। इन केन्द्रों पर हर व्यक्ति का डाटाबेस बनेगा जिसे पुलिस नियंत्रण कक्ष से मोनिटर करेगी। उन्होंने कहा कि ई-प्रवेश पत्र ई-विधान के अंतर्गत बनाये जाएंगे। बैठक में सदस्य तथा आगंतुकों को कम से कम असुविधा हो के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया कि आगामी मानसून सत्र के दौरान विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिकारी दीर्घा पास, स्थापना पास तथा प्रैस संवाददाताओं को जारी किए पास प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएगें, ताकि सुरक्षा कर्मियों द्वारा फिस्किंग की कम से कम आवश्यकता रहे।

प्रैस संवाददाताओं की सुविधा एंव सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रैस संवाददाताओं का प्रवेश यथावत् गेट नं. 3,4,5, व 6 से ही रखा जाए। विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अपने पहचान पत्र प्रमुखता से प्रदर्शित करने होंगे। इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी सरकारी अधिकारी/ कर्मचारी व अन्य पास धारक अपना शासकीय पास किसी अन्य को स्थानांतरित नहीं करेगा, अन्यथा कानूनी कारवाई अमल में लाई जा सकती है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि विधानसभा परिसर की मुख्य पार्किंग में केवल मंत्रियों, विधायकों, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिवों एवं प्रशासनिक सचिवों के वाहनों को ही पार्किंग करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। प्रैस संवाददाताओं तथा विधानसभा के अधिकारियों/ कर्मचारियों को कनैडी चौक तथा महालेखाकार कार्यालय के बीच माल रोड़ पर (गेट नं.-2 पर 30 मीटर के दायें तथा बायें को छोड़कर) चिन्हित स्थानों पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध होगी। यह भी निर्णय लिया गया कि विधान सभा सचिवालय की ओर से जारी पार्किंग स्टिकरज वाहन के आगे प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएंगे, ताकि धारको को कम से कम असुविधा का सामना करना पड़े। मोबाईल फोन, पेजर आदि विधानसभा के अन्दर ले जाने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा।

# शूलिनी के आठ छात्रों को दक्षिण कोरिया में पढ़ने के लिए स्कॉलर्शिप

**शिमला/शैल।** शूलिनी विश्वविद्यालय के आठ छात्र-छात्राएं को दक्षिण कोरिया में एक सेमेस्टर पढ़ने का सुनहरा मौका मिला है। सभी छात्रों को इसके लिए स्कॉलर्शिप भी दी जा रही है।

जिन छात्रों को स्कॉलर्शिप मिली है उनमें बी टेक फूड टेक्नालजी के हिमांशु अवस्थी और ज्योतिका दिलैक, बी टेक बायोटेक्नोलोजी से समीर कश्यप, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्युटर इंजीनियरिंग से भारती और भावना मैकैनिकल इंजीनियरिंग से सिद्धार्थ जोशी, बीएससी माइक्रोबायोलोजी से रमनदीप और बीएससी बायोटेक्नोलोजी से सुरभि शर्मा शामिल हैं।



अंतरराष्ट्रीय एक्स्चेंज प्रोग्राम के निदेशक डा. आरपी द्विवेदी ने बताया कि सभी स्टूडेंट्स दक्षिण कोरिया के प्रसिद्ध गचोण विश्वविद्यालय और सुवोन विश्वविद्यालय में एक सेमेस्टर की पढ़ाई करेंगें और इसके लिए उन्हें पाँच-पाँच लाख की स्कॉलर्शिप मिलेगी। हिमांशु, समीर, भारती, भावना और सिद्धार्थ गचोण विश्वविद्यालय जा रहें हैं जबकि रमनदीप, सुरभि और ज्योतिका सुवोन विश्वविद्यालय के लिए रवाना होंगे।

विद्याथियों की टयूशन फीस, रजिस्ट्रेशन, रहने, खान-पान आदि का सारा खर्चा गचोण और सुवोन विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा। यह दोनों ही विश्वविद्यालय दक्षिण कोरिया का अग्रिनी शिक्षण संस्थान हैं। विद्याथियों वहाँ न केवल पाठयक्रम की पढ़ाई करेंगे बल्कि कोरियन भाषा भी सीखवगे।

शूलीनी विश्वविद्यालय ने बहुत से प्रसिद्ध विश्वविद्यालय जैसे कि दक्षिण कोरिया का गचोण विश्वविद्यालय और सुवोन विश्वविद्यालय, ताइवान का चुँग युआन क्रिश्चियन विश्वविद्यालय, चीन का लांजाओ और सिचूआन विश्वविद्यालय, अमेरिका के अरकनसास विवि, कनाडा का स्प्रोट शॉ कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान के साथ गठबंधन किए हैं जिसमें अनुसंधान और शैक्षिक आदान-प्रदान का प्रावधान मौजूद है। पिछले दो वर्षो में इसी गठबंधन के अंतरगत शूलीनी विश्वविद्यालय के 50 से अधिक स्टूडेंट्स अंतरराष्ट्रीय एक्स्चेंज प्रोग्राम पर गए है। इस प्रोग्राम के अंतरगत कोरिया की सुवोन और गचोण यूनिवर्सिटी के पाँच छात्र शूलीनी में एक सेमेस्टर की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं और कोरिया से तीन प्रोफेसर शूलिनी विवि आकार यहाँ के छात्रों को पढ़ा भी चुके हैं।

इस मौके पर यूनिवर्सिटी के उप कुलपति प्रो पी.के. खोसला ने कहा कि विवि का निरंतर प्रयास रहा है की छात्रों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करवाते रहे। हम शोद व अंतरराष्ट्रीय एक्स्चेंज के लिए उच्च कोटी के संस्थानों के साथ गठबंधन कर रहे है ताकि आगे भी एसे अवसर छात्रों को मिलते रहे जिनसे न केवल उनका शैक्षिक स्तर बढ़े बल्कि सम्पूर्ण विकास भी हो।

# 29.36 लाख सेब की पेटियां पहुंची मण्डियों में

**शिमला/शैल।** प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि 6524 ट्रकों के माध्यम से 16 अगस्त, 2016 तक देश की विभिन्न मण्डियों में 29,36,693 सेब की पेटियां भेजी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अभी तक मण्डी मध्यस्थता योजना के अन्तर्गत सेब के प्रापण के लिए 191 एकत्रीकरण केन्द्र खोले हैं। उन्होंने कहा कि इनमें 96 केन्द्र एचपीएमसी तथा 95 हिमफैड द्वारा खोले गए हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि मण्डी मध्यस्थता योजना के अन्तर्गत अभी तक एचपीएमसी तथा हिमफैड द्वारा 642.705 मीट्रिक टन सेब का प्रापण किया गया है।

शैल समाचार
संपादक मण्डल

संपादक- बलदेव शर्मा
सयुक्त संपादक-जे.पी.भारद्वाज
विधि सलाहकार-ऋचा
अन्य सहयोगी
सुशील
रजनीश शर्मा
भारती शर्मा
राजेश ठाकुर
सुदर्शन अवस्थी
सुरेन्द्र ठाकुर
रीना

**HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed item rate/percentage rate tender on form No. 6&8 are hereby invited by the Executive Engineer Arki division HP PWD Arki on behalf of the Governor of Himachal Pradesh for the following works from the competent.(In this regard the decision of the Executive Engineer shall be final contractors enlisted with HP PWD in appropriate class whose registration stood renewed asdper revised instruction and also registered dealers under the Himachal Pradesh sales Tax Act, 1968. The application for tender form will be received on 22.9.2016 upto 4:00 P.M. The tender form will be issued on 24.9.2016 4:00 P.M. The tender form will be received on 26.9.2016 upto 10:30 A.M. and will be opened on the same day at 11:00 A.M. in the presence of the contractors or their authorized representative who may like to be present. The form can be had from this office against cash payment as shown below (Non-refundable) during the working hours on 22.09.2016 the earnest money should be deposited in the shape of National Saving Certificate . Time deposit /Post office Saving bank account in any of the Post office in HP duly pledged in the name of the Executive Engineer Akri Division HP PWD Arki and tender form will be issued only those contractors who will deposit the Earnest Money at the time of sale of tender. The Conditional tenders shall not be entertained. If holiday is declared suddenly by the Govt. on the above date due to some reason the tender shall be received and opened on the next working day. The intending contractors/ Firms will have to produce all required documents at the time of making application such as income Tax clearance certificate for the proceeding year, registration. Renewal of registration and sale tax number ( Under HP G.S.T) Act Special care should be taken to write the rates both in figures and in words. Failing which their tender will be rejected. No. tender form shall be issued to the contractors /firm who have already two works in HPPWD The offer of the tender shall remain open for 120 days from the date of opening of the tender The Executive Engineer reserves the right to accept reject the tender without assigning any reason.

| Sr. No. Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | Form | Cost of Form | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. C/o Dudal Ki Pukhar Churawali Bhiyali Kalyanaghatti road Km. 0/0 to 6/0 (SH:- C/o R/wall at RDs 1/158 to 1/177) | 3,61,286/- | 7400/- | 6&8 | 350/- | 2 Months |
| 2. C/o Dudal Ki Pukhar Churawali Bhiyali Kalyanaghatti road Km. 0/0 to 6/0(SH:-P/L soling work at RDs 0/00 to 1/500 and Kucha drain at RDs 0/0 to 1/500) | 5,37,654/- | 10800/- | 6&8 | 350/- | 2 Months |
| 3. C/o balance work of Additional 3rd floor Arts Block with the provision of prepainted sheet ruffing(SH:- P/L precast Terrazo Tiles, Almiras, skirting oil bound distemper etc. | 3,43,712 | 6900/- | 6&8 | 350/- | 2 Months |

**TERMS AND CONDITIONS:-**
The tender documents shall be issued only to those contractors /Firms who fulfill the following criteria
1. The latest renewal of enlistment/ proof of valid registration and income tax clearance certificate /permanent Account Number (PAN) must accompany the request for obtaining the tender documents.
2. The contractor should be registered under H.P. General Sale Tax Act. 1968and a proof thereof must accompany the request for obtaining the tender documents.
3. The application for obtaining tender documents must be accompanied with earnest money in the shape of National Saving certificate /Time deposit account in any of the Post office in HP /FDR from any Nationalized Bank duly pledged in favour of the Executive Engineer, Tender applications received without Earnest Money shall not be entertained and out rightly rejected and no tender form will be issued.
4. Ambiguous/ telegraphic /Conditional tenders by Fax/E-mail shall not be entertained / considered and will summarily be rejected.
5. The Executive Engineer reserves the right to reject /cancel any or all the tenders without assigning any reasons.
6. The offer of the tender shall remain valid upto 120 days after the opening of tender
7. If the date given above happens to be a holiday. The same shall be processed on next working day.
8. The contractors/firms must quote their rate in words as well as in figures.
9. No tender form will be issued to those contractor whose performance was no found

Adv. No.-1962/16-17 HIM SUCHANA AVAM JAN SAMPARK

**HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed item rate tenders on form No. 6&8 are here invited by the Executive Engineer, Shimla Division No.III, HPPWD. Shimla-3 on behalf of the Governor of H.P. for the following works from the eligible Contracors/Firms enlisted in HP PWD so, as to reach in his office on or before **16-09-2016** up to 10:30 A.M. and will be opened on the same day at 11:00 A.M. in the presence of the intending Contractors Firms or their authorized representatives. The tender form can be had from his office against cash payment (Non-refundable) on any working day up to 4:00 P.M. on **15-09-2016** and the application for issue of tender form shall be received upto 4:00P.M. on **14-09-2016.**

The Earnest Money in the Shape of National Saving Certificate / Time deposit account in any of the Post office in HP duly pledged in favour in of Executive Engineer, Shimla Division No III must accompany with the application form for the tender offer. Conditional tender and the tender received without earnest money will summarily be rejected. The Executive Engineer reserves the right to rejected the tender without assigning any reason there to other conditions are application as perform No. 6&8. The offer shall remain open for 90 days.

| Sr. No. Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | Time | Form No | Cost of Form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. S/R to Block No. 9 at Barnes Court Shimla -2 (SH:- P/F PVC water storage tank steel work etc. In set No. 1 No. 1. To 15 ) | 1,98,151-/ | 3,970/- | One Month | 6&8 | 350/- |
| 2. S/R to Knolls wood at Nigam Vihar Shimla -2 (SH:- Dismantling work, repair of roofing, Eaves board weather board etc. in block k at knolls wood shmila .) | 2,79,709/- | 5,600/- | One Month | 6&8 | 350/- |
| 3. S/R to Directorate of Horticulture building at Navhahar Shimla (SH:- P/L 150mm dia sewerage line etc.) | 2,93,103/- | 5,870/ | One Month | 6&8 | 350/- |

**Terms & Conditions**
1. The contractor/Firm Shall have his Sale Tax No. and attested copy of the same be Attached with the application for issue of tender form.
2. The contractor /firm should attached attested copy of registration /renewal.
3. Copy of PAN card be attached with the application form.
4. Copy of Tin Number be attached with the application.

Adv. No.-1899/16-17 HIM SUCHANA AVAM JAN SAMPARK

# मुख्यमंत्री के सड़कों की शीघ्र मुरम्मत के निर्देश

**शिमला/शैल।** मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने राज्य में अगस्त माह के पहले पखवाड़े में भारी बरसात के कारण हुए नुकसान का आकलन के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभावित लोगों को शीघ्र पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाने तथा ग्रामीण सम्पर्क मार्गों एवं पुलों को बहाल करने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण, दूरदराज तथा दुर्गम क्षेत्रों की सड़कों को खुला रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कुल्लू मार्ग पर हनोगी माता के समीप राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 पर भू-स्खलन के स्थायी समाधान के लिए एक मुश्त राशि जारी करने के निर्देश दिए।

राज्य में भारी वर्षा के कारण कुल नुकसान लगभग 567.32 करोड़ रुपये आंका गया है। सबसे अधिक लगभग 396 करोड़ रुपये का नुकसान सड़कों एवं पुलों के क्षतिग्रस्त होने पर हुआ है और इसके बाद 99 करोड़ रुपये का नुकसान सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य तथा 70 करोड़ रुपये का नुकसान विद्युत विभाग को हुआ है, जबकि 3.17 करोड़ रुपये की क्षति सार्वजनिक एवं सरकारी सम्पत्तियों की हुई है। इसी प्रकार, कृषि तथा बागवानी विभाग को क्रमश: लगभग 4.29 करोड़ तथा 15.86 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा है।

बैठक में अवगत करवाया गया कि समस्त सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति योजनाओं को तत्परता के साथ अस्थायी तौर पर बहाल कर दिया गया है तथा इनकी स्थायी मुरम्मत का कार्य जारी है।

सामान्य जन जीवन बहाल करने की दिशा में नुकसान से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए समस्त जिलों तथा संबद्ध विभागों को 106.40 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।



मुख्य सचिव की अध्यक्षता में मानसून पूर्व बैठक में उपायुक्तों को नदियों के किनारे मजदूर कालोनियों एवं अस्थायी बस्तियों को खाली करवाना सुनिश्चित बनाने तथा सड़कों के किनारे पुलियों व नालियों को साफ रखने को कहा गया था। इसी के परिणामस्वरूप जलापूर्ति के लिए पर्याप्त संख्या में पाईप, विद्युत खम्बों व तारों का काफी पहले से ही भण्डारण कर लिया गया था।

लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव नरेन्द्र चौहान ने अवगत करवाया कि भू-स्खलन के कारण अवरूद्ध सभी सड़कों तथा राज्य एवं राष्ट्रीय उच्च मार्गों को तत्परता के साथ कुछ घण्टों में ही बहाल कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि आपात की स्थिति से निपटने के लिए लोक निर्माण विभाग के सभी चार अंचलों में प्रत्येक में एक बैली पुल की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा, प्रत्येक उपमण्डल को पुनर्बहाली एवं मुरम्मत कार्यों के लिए 15 से 30 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान कुल 166 सड़के क्षतिग्रस्त हुई, जिन्हें पुनर्बहाल किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, तीन पुल बह गए। लगभग 1426 ग्रामीण जलापूर्ति योजनाएं, 580 सिंचाई योजनाएं, 30 शहरी जलापूर्ति योजनाएं, 15 बाढ़ नियंत्रण कार्य तथा 16 मल निकासी योजनाएं प्रभावित हुई थी। इन सभी को अस्थायी तौर पर बहाल कर दिया गया है। बरसात के कारण अनेक निर्माण क्षतिग्रस्त हुए, जिनमें 146 कच्चे एवं पक्के मकान पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गए, 547 गौशालाएं, 12 घराट, 20 दुकानें क्षतिग्रस्त हुई और इस प्रकार 8.19 करोड़ रुपये की निजी सम्पति के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

बैठक में अवगत करवाया गया कि हालांकि राज्य में पर्याप्त वर्षा हुई है, लेकिन यह गत वर्ष 11 प्रतिशत के मुकाबले इस वर्ष 14 प्रतिशत कम है।

राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजेन्द्र राणा ने राहत मैनुअल में बदलाव लाने को कहा, क्योंकि कुछ मामलों में नुकसान की भरपाई राशि काफी कम है। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों, जहां बरसात से अधिक नुकसान हुआ है, को अधिक धन राशि प्रदान करने को भी कहा।

# पत्थर की खदानों के लिए पंचायतों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेने की प्रक्रिया समाप्त

**शिमला/शैल।** प्रदेश सरकार ने सड़क एवं बिजली परियोजनाओं के विकास के लिए ग्राम पंचायतों के अधिकार क्षेत्र में शामिल पत्थर की खदानों के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेने की प्रक्रिया को समाप्त करने का फैसला लिया है।

इस प्रक्रिया में सरलीकरण के उद्देश्य से यह निर्णय प्रदेश में खनन गतिविधियों की समीक्षा बैठक के दौरान लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने की और उद्योग मंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इसमें मौजूद थे।



क्रशरों के आवंटन और विभिन्न औपचारिकताओं जैसे वन स्वीकृतियां, पर्यावरण विभाग, पंचायतों और अन्य संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में होने वाले अनावश्यक विलम्ब के कारण विकास परियोजनाएं, विशेषकर सड़क निर्माण के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए सरकार ने इस प्रक्रिया को सरल बनाते हुए भविष्य में सड़क व बिजली परियोजनाओं के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र की शर्त को हटा दिया है।

यह भी निर्णय लिया गया कि गतिशील (लाइव) रजिस्टरों का रख-रखाव किया जाएगा और क्रशरों की स्थापना के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जाएगा। इसकी मासिक रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपी जाएगी। इसके अलावा, सभी एसडीएम को भी निर्देश दिए गए हैं कि स्टोन क्रशरों की स्थापना के सन्दर्भ में समयबद्ध रूप से अपनी रिपोर्ट सौंपें।

मुख्य सचिव वी.सी. फारका ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण राज्य में 6000 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि को सड़क परियोजनाएं कार्यान्वित कर रहा है, इसलिए यह राज्य सरकार का उत्तरदायित्व है कि क्रशरों की स्थापना में प्राधिकरण को अपना पूरा सहयोग दे ताकि इस कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो सके।

उद्योग मंत्री ने भी खदानों को स्थापना के लिए खनन नीति में बदलाव और प्रक्रिया के सरलीकरण का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्तमान में 150 कानूनी स्टोन क्रशर संचालित हैं, जबकि पूर्व सरकार के शासन में मात्र 12 से 15 क्रशर थे, जिसके कारण विकास कार्य ठप्प पड़ गए थे।

मुख्यमंत्री ने वन स्वीकृतियों को लेकर एक अन्य बैठक की अध्यक्षता करते हुए वन विभाग को वन स्वीकृतियां दिलाने के लिए अग्र सक्रिय कार्य पद्धति अपनाने तथा संबंधित विभागों को शीघ्र वन स्वीकृतियां दिलाने के लिए मार्गदर्शन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग की प्रक्रियाओं औपचारिकताओं के कारण अनेक मामले लम्बित हैं। मुख्यमंत्री ने ने कहा कि सभी विभाग स्वीकृतियों के लिए विभाग को पूर्ण रूप से तैयार मामले भेजे तथा अगर किसी विभाग को कठिनाई आती है, तो वन विभाग के नोडल अधिकारी संबंधित विभाग के कर्मचारियों को सहयोग प्रदान करें। उन्हें नियमों के बारे में बताना चाहिए कि वे किस तरह मामले पेश करें। इसके अलावा, संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठकें भी की जानी चाहिए।

वीरभद्र सिंह ने कहा कि एक हेक्टेयर वन क्षेत्र पर 13 प्रकार की विशिष्ट विकासात्मक गतिविधियां आरम्भ की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक हेक्टेयर तक वन भूमि को विकासात्मक परियोजनाओं के लिए परिवर्तित किया जा सकता है और संबंधित वन मण्डलाधिकारी को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ताकि लोगों को लाभान्वित करने के लिए अधिक से अधिक विकासात्मक गतिविधियां चलाई जा सके।

मुख्य सचिव ने किन्नौर तथा लाहौल एवं स्पिति जिला की वन स्वीकृतियों का उदाहरण पेश करते हुए कहा कि अन्य वन मण्डलाधिकारियों को भी इसी तरह वन अधिकार अधिनियम एवं वन संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत शामिल 13 सेवाओं को स्वीकृति प्रदान करनी चाहिए। बैठक में जानकारी दी गई कि अब तक 34 नए मामलों में वन स्वीकृतियां दी जा चुकी हैं, जिनमें से 10 मामले लाहौल, 10 स्पिति व 14 शिमला जिला से संबंधित हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया रिलायंस 4जी सेवाओं का शुभारम्भ

**शिमला/शैल।** मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने रिलायंस कम्युनिकेशनस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गुरदीप सिंह को मुंबई में वीडियो कॉल के माध्यम से रिलायंस की हाई स्पीड इंटरनेट सेवा 4जी का औपचारिक शुभारम्भ किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में 4जी सेवाएं शुरू करने के लिए रिलायंस कम्युनिकेशन को बधाई दी। इस सेवा के आरम्भ होने से राज्य के लोगों को तीव्र गति की इंटरनेट सेवा सुविधा उपलब्ध होगी।



वीरभद्र सिंह ने कहा कि प्रौद्योगिकी एवं वैश्विकरण के वर्तमान युग में 'डिजीटल इण्डिया' के उद्देश्य को हासिल करने तथा लोगों को जोड़ने की दिशा में दूरसंचार क्षेत्र की अहम भूमिका है, जो नए स्तरों के साथ चौथी पीढ़ी सेवाओं में प्रौद्योगिकी का नवीन मिश्रण है, जो सैल फोन के माध्यम से सूचना के हस्तांतरण तथा इंटरनेट क्षमताओं को और तीव्र एवं सस्ता बनाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में रिलायंस की यह पहल आज की बढ़ती आवश्यकताओं के अनुसार क्षमताएं एवं सेवाओं में वृद्धि जारी रखने की दिशा में कारगर साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने देश भर में 4जी सेवाएं शुरू करने तथा सम्पर्क को बेहतर एवं तीव्र बनाने के लिए रिलायंस कम्युनिकेशन के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर रिलायंस कम्युनिकेशन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# टापरी में उप-सब्जी मण्डी का उद्घाटन

**शिमला/शैल।** मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने शिमला से दूरभाष के माध्यम से जिला किन्नौर के टापरी में 44.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित उप-सब्जी मण्डी का उद्घाटन तथा एक करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले किसान भवन व व्यावसायिक परिसर का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री द्वारा इन परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष जगत सिंह नेगी किन्नौर जिले में दूरभाष-लाईन पर थे।

इस अवसर पर शिमला में मुख्यमंत्री के साथ कृषि उत्पाद विपणन बोर्ड के अध्यक्ष डा. सुभाष मंगलेट व विपणन बोर्ड के सलाहकार देवेन्द्र श्याम भी उपस्थित थे।

टापरी में उप-सब्जी मण्डी की स्थापना के लिए सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध करवाई गई है तथा इस मण्डी के निर्माण के लिये स्थानीय क्षेत्र विकास अधिकरण (लाडा) द्वारा 22.58 लाख रुपये उपलब्ध करवाए गए थे। इस सब्जी मण्डी की धरातल मंजिल में 11 दुकानें, मण्डी समिति कार्यालय, किसान भवन इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस मण्डी की स्थापना से जिला किन्नौर के दुर्गम क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा तथा लगभग 50 हजार मीट्रिक टन सब्जियों एवं 60 हजार मीट्रिक टन फलों का वार्षिक कारोबार हो सकेगा।

# सरस्वती नगर में पांच मंजिला मकान ढहा

**शिमला/शैल।** राजधानी शिमला में हाटकोटी के समीप सरस्वती नगर में एक पांच मंजिला भवन जमींदोज हो गया। हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा लोग मलबे में दब गए। जिनमें से एक लाश को मलबे के नीचे से निकाल लिया गया है जबकि कई घायलों को मलबे से निकालकर इलाज के लिए रोहड़ू अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक चार लोगों को मलबे के नीचे से जिंदा निकाल लिया गया। मृतक की पहचान जुब्बल तहसील के पराट गांव के नीसू के रूप में हुई है।

पुलिस प्रशासन व स्थानीय लोगों ने मलबे में दबे लोगों को बचाने के लिए राहत व बचाव कार्य शुरू किया। मकान के गिरने के साथ वहां खड़ी तीन चार वाहन भी नीचे चले गए। प्रशासन की ओर से एसडीएम वाइपीएस वर्मा, डीएसपी कमल किशोर समेत सरकारी अमला मौके पर पहुंचा और राहत कार्य का जायजा लिया। पुलिस के मुताबिक ये पांच मंजिला मकान योगेंद्र सिंह नामक व्यक्ति का है।

# सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित

**शिमला/शैल।** प्रदेश सरकार ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों के प्रदर्शन एवं जवाबदेही के मूल्यांकन के लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है।

प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस कमेटी के अन्य सदस्यों में अतिरिक्त मुख्य सचिव सूचना प्रौद्योगिकी, निदेशक वित्त एवं कार्मिक, निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क शामिल हैं। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार एवं प्रधान सचिव इस समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे, जबकि प्रशासनिक सुधार विभाग के सचिव समिति के सदस्य सचिव होंगे।

प्रवक्ता ने कहा कि यह समिति वरिष्ठ अधिकारियों के प्रदर्शन, मुख्यमंत्री की घोषणाओं के कार्यान्वयन, संगठनात्मक सुधारों, नवीन परियोजना, प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं विशेष पहलों के अतिरिक्त आधुनीकरण एवं कम्पयूटरीकरण की समीक्षा करेगी।

हर मित्रता के पीछे कोई ना कोई स्वार्थ होता है। ऐसी कोई मित्रता नहीं जिसमे स्वार्थ ना हो। यह कड़वा सच है। ........चाणक्य

## सम्पादकीय

# मोदी सरकार से अपेक्षाएं।

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से देश को संबोधित करते हुए कहा है उनकी सरकार आक्षेपों की सरकार नहीं है बल्कि अपेक्षाओं की सरकार है क्योंकि उनकी सरकार पर अब तक भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। आज यदि खाद्य पदार्थो की बढ़ती मंहगाई को नजरअन्दाज कर दिया जाये तो मोदी के दावे से सहमत होना पड़ेगा। क्योंकि कांग्रेस और दूसरे सारे क्षेत्रीय दल अभी तक लोकसभा चुनावों में मिली हार से पूरी तरह उबर नहीं पाये हैं। उनके लगाये आरोपों पर अभी जनता पूरी तरह विश्वास कर पाने को तैयार भी नही है क्योंकि यह दल अपने ही भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कोई कारवाई नहीं कर पाये है।

नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनावों में भाजपा का प्रधानमन्त्री पद का चेहरा बन चुके थे। पूरा चुनाव प्रचार अभियान उन्ही के गिर्द केन्द्रित था इसलिये लोकसभा चुनावों में मिली सफलता का पूरा श्रेय उन्ही को जाता है। उन्ही के नेतृत्व में भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत का सपना देख रही है। लेकिन लोकसभा चुनावों के बाद हुये विधानसभा चुनावों/उप चुनावों के परिणामों से कांग्रेस मुक्त भारत की कल्पना पर प्रश्न चिन्ह भी लगता जा रहा है। ऐसे में मोदी की सरकार जन अपेक्षाओं पर कैसे पूरा उतर पायेगी इसको लेकर भी सवाल उठने शुरू हो गये हैं। लेकिन जो बहुमत लोकसभा में सरकार को मिला हुआ है यदि उसके सहारे मोदी कुछ नया कर पाये तो वह देश के लिये एक बड़ा योगदान बन जायेगा अन्यथा वह भी प्रधान मन्त्रियों की सूची में केवल एक नाम ही होकर रह जायेंगे।

भाजपा और मोदी कांग्रेस/यू पी ए के भ्रष्टाचार और काले धन को मुद्दा बनाकर सत्ता में आये थे यह पूरा देश जानता है। सत्ता में आने के बाद भ्रष्टाचार और काले धन के खिलाफ क्या कुछ किया गया है यह भी सबके सामने है। भ्रष्टाचार ही सारी समस्याओं का मूल है यह एक स्थापित कड़वा सच्च है क्योंकि भ्रष्टाचार के खिलाफ जितने भी कदम उठाये गये हैं उनके परिणाम आशानुरूप नहीं रहे हैं। ऐसे में यह समझना ज्यादा आवश्यक हो जाता है कि व्यक्ति को भ्रष्ट होने की आवश्यकता ही क्यों पड़ती है। यदि भ्रष्टता की आवश्यकता के आधार को ही समाप्त कर दिया जाये तो बहुत कुछ हल हो जाता है। आज संसद से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक भ्रष्ट लोग 'माननीय' बन कर बैठे हुये हैं। हर चुनावों के बाद यह आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है।"Power Corrupts a man and absolute power Corrupts absolutely." यह कहावत इन माननीयों पर स्टीक बैठती है। क्योंकि हर चुनावों में धन बल और बाहुबल का बड़ा खेल हो गया है। बढ़ते धन बल के कारण ही हर बार चुनाव खर्च की सीमा में चुनाव आयोग बढ़ौतरी कर देता है। खर्च की जो सीमा तय है चुनावों में उससे कहीं अधिक खर्च हो रहा है। लेकिन यह खर्च पार्टी के खाते से होता है व्यक्ति के खाते से नहीं। पार्टी पर खर्च की कोई सीमा है नहीं। पार्टीयों द्वारा भरी जाने वाली आयकर रिटर्न को आरटीआई के दायरे से बाहर रखा गया है। यहां तक कि चुनाव आचार संहिता की उल्लघंना पर भी केवल चुनाव परिणाम को ही चुनौति देने का प्रावधान है। आचार संहिता की उल्लंघना दण्ड संहिता के अन्दर अभी तक अपराध की सूची में शामिल नहीं है।

इस परिपेक्ष में यदि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी इस अपार जन समर्थन के सहारे देश की चुनाव व्यवस्था को सुधारने का साहस कर पाते हैं तो वह देश को बड़ा योगदान होगा। मेरा मानना है कि यदि प्रयास किये जाये तो चुनावों को भ्रष्टाचार से एकदम मुक्त किया जा सकता है। चुनाव के भ्रष्टाचार से मुक्त होने का अर्थ है कि उसमें धन की भूमिका नही के बराबर पर लायी जा सकती है। जब धन की केन्द्रिय भूमिका नहीं रहेगी तब बाहुबलियों का संसद और विधानसभाओं में आना भी रूक जायेगा। चुनाव सुधार ऐसे ही बहुमत और ऐसे ही नेतृत्व में संभव और अपेक्षित हो सकते हैं। यदि प्रधानमन्त्री चाहें तो सुधारों की इस रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की जा सकती है।

# जयप्रकाश नारायण: एक विद्रोही

**जयप्रकाश नारायण आधुनिक भारत के इतिहास में एक अनोखा स्थान रखते हैं क्योंकि वह अकेले ऐसे व्यक्ति हैं जिनको देश के तीन लोकप्रिय आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लेने का अनोखा गौरव प्राप्त है। उन्होंने न केवल अपने जीवन जोखिम में डालते हुए भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश औपनिवेशिक शासकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, बल्कि सत्तर के दशक में भ्रष्टाचार और अधिनायकवाद के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया और इसके पहले 50 और 60 के दशकों में लगभग दस वर्षों तक भूदान आन्दोलन में भाग लेकर हृदय परिवर्तन के द्वारा बड़े पैमाने पर सामाजिक परिवर्तन लाने का कार्य भी किया।**

–एन.के. पाठक–

जयप्रकाश नारायण आधुनिक भारत के इतिहास में एक अनोखा स्थान रखते हैं क्योंकि वह अकेले ऐसे व्यक्ति हैं जिनको देश के तीन लोकप्रिय आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लेने का अनोखा गौरव प्राप्त है। उन्होंने न केवल अपने जीवन जोखिम में डालते हुए भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश औपनिवेशिक शासकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, बल्कि सत्तर के दशक में भ्रष्टाचार और अधिनायकवाद के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया और इसके पहले 50 और 60 के दशकों में लगभग दस वर्षों तक भूदान आन्दोलन में भाग लेकर हृदय परिवर्तन के द्वारा बड़े पैमाने पर सामाजिक परिवर्तन लाने का कार्य भी किया।

उनका जन्म 11 अक्तूबर 1902 को बिहार के सारण जिले के सिताब दियारा गाँव में हुआ था। 1920 में 18 वर्ष की उम्र में अपनी मैट्रिक परीक्षा पूरी करने के बाद वे पटना में काम करने लगे थे। उसी वर्ष उनका विवाह प्रभावती से हुआ। राष्ट्रवादी नेता मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा अंग्रेजी शिक्षा त्याग देने के आहवान पर परीक्षा से मुश्किल से 20 दिन पहले उन्होंने पटना कॉलेज छोड़ दिया, और डा. राजेंद्र प्रसाद द्वारा स्थापित एक कॉलेज, बिहार विद्यापीठ, में शामिल हो गए। 1922 में अपनी पत्नी प्रभावती को महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम में छोड़कर जयप्रकाश नारायण कैलिफोर्निया के बर्कले विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए रवाना हुए। अमेरिका में अपनी उच्च शिक्षा के खर्चों के लिए उन्होंने खेतों, बूचड़खानों, कारखानों और खदानों आदि में छोटे मोटे कार्य किये। अपने काम और अध्ययन के चरण के दौरान, उन्हें श्रमिक वर्ग की कठिनाइयों की करीबी जानकारी मिली। एम एन रॉय के लेखन से प्रभावित उनको यह यकीन था कि मानव समाज की मुख्य समस्या धन, संपत्ति, पद, संस्कृति और अवसरों में असमानता थी और समय बीतने से यह खत्म होने वाली नहीं थी।

विदेशों में अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद जब वह 1929 में भारत लौटे तो उनके विचारों और दृष्टिकोण में कार्ल मार्क्स का स्पष्ट प्रभाव था। भारत वापस आते वक्त लंदन में और भारत में उनकी मुलाकात कई कम्युनिस्ट नेताओं से हुई जिनके साथ उन्होंने भारत की स्वतंत्रता और क्रांति के मुद्दों पर काफी चर्चा की। हालांकि उन्होंने भारतीय भारतीय कम्युनिस्टों के विचारों का समर्थन नहीं किया जो राष्ट्रीय कांग्रेस की स्वतंत्रता की लड़ाई के विरुद्ध थे। जवाहर लाल नेहरू के आमंत्रण पर 1929 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए, उसके पश्चात उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। ब्रिटिश शासन के खिलाफ सविनय अवज्ञा आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने पर 1932 में उन्हें जेल में बंद कर दिया गया। 1932 में नासिक जेल में अपने कारावास के दौरान वे राम मनोहर लोहिया, अशोक मेहता, मीनू मसानी, अच्युत पटवर्धन, सी के नारायणस्वामी और अन्य नेताओं के साथ घनिष्ठ संपर्क में आए। इस संपर्क ने उन्हें कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी (सीएसपी) में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जो आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के भीतर बाएं झुकाव का एक समूह था। दिसंबर 1939 में सीएसपी के महासचिव के रूप में, जयप्रकाश ने लोगों से आहवान किया कि द्वितीय विश्व युद्ध का फायदा उठाते हुए भारत में ब्रिटिश शोषण को रोका जाय और और ब्रिटिश सरकार को उखाड़ फेंका जाये। इस वजह से उन्हें 9 महीनों के लिए जेल में डाल दिया गया था। अपनी रिहाई के बाद उन्होंने महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस से मुलाकात की। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत करने के लिए उन्होंने दोनों नेताओं के बीच एक मैत्री लाने की कोशिश की, लेकिन उस में वे सफल नहीं हो सके।

बाद में अगस्त 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जयप्रकाश नारायण के अन्य उत्कृष्ट गुण सामने आए। जब सभी वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था तब उन्होंने राम मनोहर लोहिया और अरुणा आसफ अली के साथ मिल कर चल रहे आन्दोलन का प्रभार ले लिया था। हालांकि वह भी लंबे समय तक जेल से बाहर नहीं रह पाए और जल्द ही उन्हें भारत रक्षा नियम, जोकि एक सुरक्षात्मक कारावास कानून था और जिसमें सुनवाई की जरूरत नहीं थी, के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें हजारीबाग सेंट्रल जेल में रखा गया था। जेपी ने अपने साथियों के साथ जेल से भागने की योजना बनाना शुरू कर दिया। जल्द ही उनका अवसर नवंबर 1942 की दीवाली के दिन आया जब एक बड़ी संख्या में गार्ड त्योहार की वजह से छुट्टी पर थे। बाहर निकलने का यह एक साहसी कृत्य था जिसने जेपी को एक लोक नायक बना दिया।

इस अवधि में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के लिए जेपी ने भूमिगत रूप में सक्रिय रूप से काम किया। ब्रिटिश शासन के अत्याचार से लड़ने के लिए नेपाल में उन्होंने एक 'आजाद दस्ता' (स्वतंत्रता ब्रिगेड) बनाया। कुछ महीनों के बाद सितंबर 1943 में एक ट्रेन में यात्रा करते वक्त उन्हें पंजाब से गिरफ्तार कर लिया गया था और स्वतंत्रता आंदोलन की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा उनको यातनाएं भी दी गई। जनवरी 1945 में उन्हें लाहौर किले से आगरा जेल स्थानांतरित कर दिया गया। जब गांधीजी ने जोर देकर कहा कि वह केवल लोहिया और जयप्रकाश की बिना शर्त रिहाई के बाद ही ब्रिटिश शासकों के साथ बातचीत शुरू करेंगें, उन्हें अप्रैल 1946 को मुक्त कर दिया गया।

इस अवधि के दौरान और भारत के आजादी पाने के साथ ही जयप्रकाश को अपने राजनीतिक जीवन में शायद पहली बार सामाजिक परिवर्तन के लिए हिंसा की निरर्थकता का पूर्ण विश्वास हुआ था। हालांकि, गरीबों के लिए उनकी प्रतिबद्धता कम नहीं हुई और इसी ने उन्हें विनोबा भावे के भूदान आंदोलन के करीब लाया। यह उनके जीवन का दूसरा महत्वपूर्ण चरण था। फिर सत्तर के दशक की शुरुआत में तीसरा चरण आया जब आम आदमी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई की विकृतियों से पीड़ित था। 1974 में गुजरात के छात्रों ने उनसे नव निर्माण आंदोलन के नेतृत्व का आग्रह किया। उसी वर्ष जून में उन्होंने पटना के गांधी मैदान में एक जनसभा से शांतिपूर्ण 'सम्पूर्ण क्रांति' का आहवान किया। उन्होंने छात्रों से भ्रष्ट राजनीतिक संस्थाओं के खिलाफ खड़े होने का आहवान किया और एक साल के लिए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को बंद करने के लिए कहा, क्योंकि वह चाहते थे कि इस समय के दौरान छात्र अपने को राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए समर्पित करें। यह इतिहास का वह समय है जब उन्हें लोकप्रिय रूप से 'जेपी' बुलाया जाने लगा।

इस आंदोलन के अंत में आपातकाल की घोषणा हुई और जो बाद में 'जनता पार्टी' की जीत में तब्दील हुई तथा मार्च 1977 में केंद्र में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनी। जनता पार्टी की छत्रछाया के तहत सभी गैर–कांग्रेसी दलों को एकत्रित करने का श्रेय उनको ही जाता है। हमारे देश के हर स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को जेपी हमेशा याद रहेंगे। एक श्रद्धांजलि के रूप में इस आधुनिक क्रांतिकारी को भारत सरकार ने 1999 में मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया। पसूका

# आजादी का सपना तब पूरा होगा, जब किसान होंगे खुशहाल

– राधा मोहन सिंह –

भारत की आत्मा गांवों में बसती है, जिसमें जान भरने और अपनी मेहनत से सींचने का काम हमारे किसान भाई करते रहे हैं। देश में कृषि के विकास पर नजर डालें तो आजादी के समय या उसके बाद के दशकों में कृषि की दशा के साथ – साथ खाद्य उत्पादन भी दयनीय अवस्था में था। बढ़ती आबादी, कुदरत की मार, वैज्ञानिक साधनों एवं कृषि अनुसंधानों के अभाव में अनाज उत्पादन इतना कम था कि हम विदेश से अनाज आयात करने को मजबूर थे। आगे चलकर 1960 के दशक में देश में गेहूं और धान जैसे फसलों को केंद्र में रखते हुए वैज्ञानिक उपायों और कृषि अनुसंधानों के जरिए हरित क्रांति का सूत्रपात हुआ, लेकिन इसका दायरा पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पहले से ही उन्नत जिलों और दक्षिण – पूर्व के तटीय क्षेत्रों तक ही सीमित रहा। बीच के दशकों में तात्कालीन सरकारों द्वारा खेती के विकास और किसानों के कल्याण की बातें तो बहुत हुई, यहां तक कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात भी हुई, लेकिन उस रफ्तार से काम नहीं किया गया, जिससे कृषि का तीव्र विकास हो, हमारे किसान खुशहाल हों, उनकी आमदनी बढ़े और देश खाद्य सुरक्षा को पूरा करने में समर्थ हो।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि एवं किसान मंत्रालय अपने किसान भाइयों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास कर रहा है। जब तक किसानों की आमदनी नहीं बढ़ेगी, उन्हें उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य नहीं मिलेगा, तब तक उनका जीवन खुशहाल नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने लक्ष्य रखा है कि मार्च 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करना है। इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। इसके लिए कृषि, सहकारिता एवं किसान विभाग के अपर सचिव की अध्यक्षता में एक अंतर मंत्रालय समिति का गठन किया गया है। इस समिति ने खरीफ 2016 से अपना काम शुरू कर दिया है। वर्ष 2021 – 22 तक किसानों/कृषि मजदूरों की आमदनी कैसे दोगुनी हो सकती है और इसके लिए कितनी विकास दर आवश्यक होगी, लक्ष्य पूर्ति के लिए क्या रणनीति हो एवं इससे जुड़े अन्य मुद्दों पर समिति राय देगी। हमारे किसान भाइयों की आमदनी का प्रमुख जरिया खेती – बाड़ी ही है। बढ़ती जनसंख्या की जरूरतों को पूरा करने के लिए फसल का उत्पादन बढ़ाना जरूरी है। इसके लिए केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों में दूसरी हरित क्रांति का आगाज किया है। देश के सात राज्यों – असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में दूसरी हरित क्रांति चलाई जा रही है। दूसरी हरित क्रांति सिर्फ अनाज, दलहन व तिलहन तक सीमित नहीं रहेगी। श्वेत क्रांति, नीली क्रांति में भी पूर्वी राज्यों में विकास और उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। सरकार ने दलहन उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया है, ताकि दलहन की आपूर्ति और खपत के बीच के अंतर को पाटा जा सके। कृषि पर दबाव कम हो और किसान भाइयों की आमदनी बढ़े, इसके लिए गौ पालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन आदि को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

केवल फसल उत्पादन बढ़े, इतना ही पर्याप्त नहीं है। हमारे किसान भाइयों को फायदा तभी होगा जब उत्पादन बढ़ने के साथ ही उत्पादन लागत कम रहे, उसे उसकी फसल का बेहतर मूल्य मिले, बाजार की सुविधा हो, किसान को सही समय पर खाद व बीज मिले, प्राकृतिक आपदा की स्थिति में राहत का प्रबंध हो और उन्हें फसल बीमा मिले। केंद्र सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं बनाई हैं, जैसे कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, कृषि वानिकी और नीम लेपित यूरिया, राष्ट्रीय कृषि बाजार, किसानों के लिए मोबाइल एप की शुरूआत, कृषि विज्ञान केंद्रों को मजबूत करना, केवीके पोर्टल की शुरूआत, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना, मेरा गांव, मेरा गौरव योजना की शुरूआत, सूखाग्रस्त क्षेत्रों के लिए दीन दयाल अंत्योदय मिशन, किसान की जरूरतों के अनुरूप स्टूडेंट रेडी कार्यक्रम शुरू करना आदि कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा पशुपालन, डेयरी और चिकित्सा शिक्षा में बदलाव भी किए गये हैं। कृषि के अलावा बागवानी कृषि पर सरकार का पूरा जोर है। बागवानी कृषि हमारे किसान भाइयों की आमदनी बढ़ाने में काफी सहायक है।

हालांकि, हमारी अधिकांश कृषि प्रकृति पर निर्भर है। कभी बाढ़, कभी सूखा, कभी ओला वृष्टि, तो कभी अन्य आपदा। अपने अन्नदाताओं की इसी परेशानी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' शुरू की है, ताकि वे खुशहाल हों। सरकार अगले 2 – 3 वर्षों में 50 फीसदी किसानों को फसल बीमा के दायरे में लाना चाहती है। अभी मात्र 20 फीसदी किसानों को ही फसल बीमा के दायरे में लाया जा सका है। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि हमारे किसान भाई बीमा की कम प्रीमियम राशि चुकाकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शेष भार सरकार खुद वहन करेगी। यहां तक कि 90 फीसदी से ज्यादा शेष भार होने पर भी सरकार द्वारा ही वहन किया जाएगा। किसानों को रबी फसलों के लिए 1.5 फीसदी और खरीफ के लिए 2 फीसदी की दर से प्रीमियम देना होगा। इतना ही नहीं, बीमा पर भुगतान की सीमा हटा दी गयी है। खेत से लेकर खलिहान तक किसानों को बीमा सुरक्षा दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

प्रधानमंत्री ने लक्ष्य रखा है कि हमें प्रति बूंद ज्यादा फसल उगानी है। यह तभी संभव होगा जब प्रत्येक खेत को पानी मिले और सिंचाई की व्यवस्था हो। इसके लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू की गयी है, जिसे मिशन मोड में चलाया जा रहा है, ताकि सूखे की समस्या का स्थायी समाधान ढूंढा जा सके। इसके लिए देश के सभी जिलों में जिला सिंचाई योजना तैयार करने के लिए राशि दी गई है।

किसान खेती करता था, लेकिन उसे यह पता नहीं होता था कि उसके खेत में कितनी दवा या उर्वरक देना है। इसके लिए सरकार ने देश में पहली बार सॉयल हेल्थ कार्ड स्कीम की शुरूआत की है। इस स्कीम के तहत फसल उत्पादन के लिए उपयुक्त संस्कृति, पोषक तत्वों की मात्रा का प्रयोग करने और मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता में सुधार के लिए देश के सभी 14 करोड़ किसानों को दो वर्ष में सॉयल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा।

देश में अभी तक यूरिया को लेकर मारामारी रहती थी, लेकिन यह पहला वर्ष है जब यूरिया की कोई कमी नहीं है। हमने अपने किसान भाइयों के लिए नीम लेपित यूरिया की व्यवस्था की। इससे किसानों को 100 किलोग्राम की जगह 90 किलोग्राम यूरिया का ही इस्तेमाल करना होगा, जिससे लागत मूल्य में कमी आने के साथ ही अब यूरिया का गलत उपयोग भी नहीं हो पाएगा। साथ ही सरकार ने पोटाश व डीएपी के दाम भी कम किए हैं। इसके साथ ही मोदी सरकार ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए परंपरागत कृषि विकास योजना शुरू की है। 2016 – 17 के बजट में योजना के माध्यम से 3 साल में 5 लाख एकड़ क्षेत्र में जैविक खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। सिक्किम पूरी तरह से जैविक खेती करने वाला राज्य बन गया है।

किसानों को उनके उत्पाद का सही मूल्य मिले, इसके लिए सरकार ने किसानों के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार शुरू किया है। अब कोई भी व्यक्ति अपने घर के नजदीक स्थित राष्ट्रीय कृषि बाजार केन्द्र में जाकर कम्प्यूटर पर देश भर की मंडियों पर नजर डाल सकता है। 14 अप्रैल, 2016 को डा. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती पर ई – ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का पायलट प्रोजेक्ट लांच कर दिया गया है। आजादी का सपना तब पूरा होगा, जब किसान होंगे खुशहाल और इस समय आठ राज्यों की 23 मंडियों में 11 जिंसों की खरीद – बिक्री शुरू हो रही है। अप्रैल 2016 से सितंबर 2016 के मध्य तक 200 मंडियों को ई – ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर से जोड़ दिया जाएगा। फिर अक्तूबर, 2016 से 31 मार्च 2017 के मध्य तक 200 मंडियों को इसमें शामिल कर लिया जाएगा। मार्च 2018 तक देश की 585 मंडियों को एक – दूसरे से जोड़ दिया जाएगा।

किसानों को सही समय पर सूचना देने के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कई पोर्टल हैं, जिनके जरिए हमारे किसान भाई सूचना प्राप्त कर सकते हैं। भारत सरकार का किसान पोर्टल – http://farmer.gov.in, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की वेबसाइट http://www.icar.org.in, केवीके की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने एवं उसकी उच्च स्तर पर निगरानी एवं प्रबंधन हेतु बनाए गए पोर्टल http://kvk.icar.gov.in/ पर किसानों के लिए योजनाओं की जानकारी उपलब्ध है। विभिन्न तरह के मोबाइल एप मसलन किसान सुविधा एप, पूसा कृषि एप, भुवन ओलावृष्टि एप, फसल बीमा एप, एग्री मार्केट एप, पशु पोषण एप हैं। ये सभी एप्स www.mkisan.gov.in के अलावा गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

प्रधानमंत्री की स्टूडेंट रेडी (Rural Entrepreneurship Awareness Development Yojana) वर्ष 2015 में शुरू हुई थी जो वर्ष 2016 – 17 से लागू होगी। कृषि स्नातकों में व्यावहारिक अनुभव तथा उद्यमिता कौशल प्राप्त करने के लिए अवसर प्रदान करने हेतु यह एक नया कार्यक्रम है। हमने कृषि विज्ञान के पाठयक्रम और विषय – वस्तु में सुधार के लिए गठित पांचवीं डीन कमेटी की सिफारिश को मंजूरी दी है। कृषि – विज्ञान के स्नातक स्तर के पाठयक्रम में भारी बदलाव किए गये हैं और इन्हें अब व्यावहारिक अनुभव के साथ व्यावसायिक और रोजगारोन्मुख बना दिया गया है। दो नये केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालयों की स्थापना की गयी है। कृषि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है। देश के संघीय ढांचे में राज्यों की अहम भूमिका है। कृषि राज्य का विषय है। कृषि व किसान कल्याण का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है, जब राज्यों का पूरा सहयोग मिले और यह मिलता भी रहा है। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत के सभी राज्यों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। राज्य सरकार के प्रयासों में और तेजी लाने के उद्देश्य से केन्द्र द्वारा पोषित कई योजनाएं भी समय – समय पर लागू की गई जिससे कि देश के कृषि उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हो सके और किसान खुशहाल हो।

सरकार के उपरोक्त सभी कार्यक्रमों व प्रयासों का एकमात्र लक्ष्य है किसान भाइयों की आमदनी को 2022 तक दोगुना करना और इसके लिए जो भी कदम उठाना है, सरकार उसके लिए कृतसंकल्प है। इसी रास्ते पर आगे बढ़ते हुए आजाद भारत में खुशहाल किसान का लक्ष्य पाया जा सकता है। पसूका

# कौशल विकास के माध्यम से नए भारत का निर्माण

– राजीव प्रताप रूड़ी –

भारत की आजादी के पिछले 70 वर्षो से हमारे देश में स्वतंत्रता की परिभाषा लगातार यही रही है कि हमने अपने देश को ब्रिटिश राज से मुक्त कराया है और देश को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया है। हमने लगातार प्रगति और विकास की यात्रा को आगे बढ़ाया है। देश ने इन वर्षो के दौरान निजीकरण, आत्म निर्भरता और वैश्वीकरण की क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। पिछले दो वर्षो के शासन के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका में नाटकीय परिवर्तन हुआ है और वह वैश्विक आर्थिक शक्ति के ऊंचे स्थान की ओर अग्रसर हो गया है।

तेजी से हुई इस आर्थिक प्रगति से कुशल श्रमिकों की मांग बढ़ी है और इससे देश में कुशल कार्यबल की कमी भी सामने आई है। इस पैमाने की चुनौती से अब हमारे सामने जो मुद्दा है वह यह है कि हमें ऐसे नए आजाद भारत का सृजन करने का अवसर प्राप्त हुआ, जहां व्यावसयिक कौशल आप को अपना जीवन और सम्मान चुनने की आजादी और अधिकार देगा, जिसकी आप ने हमेशा इच्छा की है।

अब वह समय आ गया है, जहां भारत को कौशल विकास पर ध्यान केन्द्रित करके खामोश क्रांति लाने के बारे में गंभीरता से सोचना पड़ेगा। 2035 में जनसांख्यिकी प्रभाव केवल एक प्रतिशत बढ़ेगा या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक प्रतिशत कम होगा। लेकिन कौशल प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण सुधार लाने के बाद ही भारत के जीडीपी स्तर में 2035 में तीन प्रतिशत बढ़ोतरी की जा सकती है। उत्पादता में सुधार लाने के लिए कौशल विकास सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उत्पादता से ही जीवन स्तर में सुधार और विकास आएगा। जब हम जीवन स्तर सुधारने के बारे में बातचीत करते हैं तो इसका गरीब लोगों के रोजगार और विकास के अवसरों को अधिक से अधिक करने, सतत उद्यम विकास के लिए माहौल बनाने, खुला सामाजिक संवाद शुरू करने के अवसरों को अधिक से अधिक बनाने पर प्रभाव डालता है। ऐसा माहौल जिसमें सभी के लिए सम्मान हो और प्रारंभिक शिक्षण, स्वास्थ्य और वस्तुगत बुनियादी ढांचे में योजनाबद्ध निवेश हो।

सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (वीईटी) पहल अधिक ध्यान केन्द्रित, परिणामजन्य, उद्योग की जरूरत के अनुकूल और रोजगार तथा नौकरियों से जुड़ी हुई है। क्षमता निर्माण और गुणवत्ता मानकों की ओर अधिक ध्यान दिया जाने लगा है। उद्योग न केवल अपने पाठयक्रमों का विकास और मानक निर्धारित करने में अपनी भागीदारी के माध्यम से कौशल विकास की कहानी को आकार देने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि आकलन और प्रमाणीकरण प्रक्रियाओं में भी शामिल हैं। इसके अलावा कौशल प्रशिक्षण पहलों के लिए वित्तीय पहुंच बढ़ाने के भी उपाए किए गए हैं।

भारत में कौशल विकास कार्यक्रम का वर्तमान लक्ष्य बहुत महत्वाकांक्षी है। 2015 – 16 में हमने देश में 1.04 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया, जो पिछले वर्ष की उपलब्धि की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक है। प्रशिक्षु अधिनियम में किए गए व्यापक सुधारों से स्थिति में परिवर्तन हुआ है और ऐसा एक सबसे सफल कौशल विकास योजना से ही हो सकता है। आईटीआई पारिस्थितिकी तंत्र में आमूलचूल सुधार से विविध ट्रेडों में सभी के लिए अवसर पैदा होंगे, क्योंकि देश में इन ट्रेडों में मानव संसाधन अपेक्षित है। लेकिन इन संख्याओं का वास्तविक विश्लेषण या ब्रेक अप उस प्रक्रिया में निहित है जब हम इनका जिला स्तर पर मानचित्रण करते हैं। क्योंकि जब हम किसी जिले की बात करते है तो पता चलता है कि वहां पर किस प्रकार के कौशल की जरूरत है। वहां हमें पता चलेगा कि वहां ऐसे अनेक रोजगार उपलब्ध हैं जिन्हें हमने अपने कौशल कार्यक्रम में शामिल नहीं किया है। इसी प्रकार जल ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे नए क्षेत्र भी सामने आ रहे हैं। जैसे – जैसे अर्थव्यवस्था बढ़ती है उसमें आप को नए किस्म के रोजगार दिखाई देने लगते हैं। इसलिए ऐसे रोजगारों की पर्याप्त मांग है और इस मांग को पूरा करने के कई माध्यम हैं। इसके लिए हमे केवल यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि आपूर्ति मांग अनुरूप हो। लेकिन समस्या इतनी सरल नहीं है जितनी दिखाई देती है। इसकी अपनी जटिलताएं और गतिशीलता है और यह आवश्यक है कि हम इन बढ़ती हुई मानव संसाधन जरूरतों से स्थानीय स्तर से ही निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करें।

दूसरी ओर युवाओं को उपलब्ध कराई गई नौकरियों को भरने में युवाओं की अक्षमता के अनेक कारण है, जिनमें भौगोलिक गतिशीलता तथा कम वेतन शामिल है जो उनकी जरूरतों को पूरा करने में पर्याप्त नहीं है। कुल मिलाकर यह एक बहुत बड़ा काम है।


लेकिन हम ऐसे देश के नागरिक है जो "मेक इन इंडिया" और "डिजिटल इंडिया" जैसी अपनी पहलों से वैश्विक बाजार में स्वयं को एक बड़ा ब्रांड बना रहा है। लेकिन हमें इस तथ्य को स्वीकार करना होगा कि स्किल, रि – स्किल और अप – स्किल अपनाने के अलावा हमारे सामने कोई अन्य रास्ता नहीं है। इन्हें अपनाकर ही हम विश्व में नवाचार के साथ अपने आप को खड़ा कर सकते है फिर चाहे वह कौशल सेट हो, जो तकनीकी माध्यमों की मदद से किसान की उत्पादनता बढ़ा देता हो या विश्व में नवाचार का केन्द्र होने के कारण मेकट्रोनिक्स और रोबोटिक्स के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक का अनुसरण कर रहा हो।

एक युवा मन को न केवल सपने देखने चाहिए, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए कार्य भी करना पड़ता है। हमारे देश के युवाओं को अपनी इस बौद्धिक स्वतंत्रता की ओर कार्य करना होगा, तभी कौशल उनकी सफलता का उपकरण बन सकता है। इसके बाद ही हम यह सोच सकते है कि

मैं कर सकता हूं,
मैं करूंगा।

पसूका

# 70वें स्वतंत्रता दिवस पर कर्मचारियों को 6फीसद DA



**शिमला/शैल।** 70वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को छह फीसद डीए का तोहफा देने का एलान किया। सोलन में मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने तिरंगा फहराया और कर्मचारियों एवं पेंशनरों को पहली जनवरी 2016 से 6 प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्रदान करने की घोषणा की। यह भत्ता अक्तूबर माह के वेतन से नकद मिलेगा। कर्मचारियों तथा पेंशनरों को 5 प्रतिशत अंतरिम राहत पहले ही अगस्त 2016 से प्रदान की गई है।

वीरभद्र सिंह ने दावा किया कि पिछले साढ़े तीन सालों में सरकार ने अकेले सरकारी क्षेत्र में 41,500 नौकरियां प्रदान की हैं, तथा हजारों दिहाड़ीदारों की सेवाएं नियमित की गई हैं।

इसके अतिरिक्त, कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत राज्य में 1.27 लाख युवाओं को लाभान्वित किया गया है। योजना के अन्तर्गत बेरोजगार युवाओं को उनकी रूचि के अनुरूप व्यवसाय में उनके कौशल उन्नयन के लिए 1000 रुपये तथा विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को 1500 रुपये प्रतिमाह भत्ता प्रदान किया जा रहा है,और इस पर 93 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों तथा अन्यों को पुरस्कार भी वितरित किए।

सोलन में मुख्य समारोह के अलावा प्रदेश के विभिन्न शहरों में भी आजादी का जश्न मनाया गया।

# हिमाचल के छोटे से गांव में रहे भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस ठाकुर



**शिमला/शैल।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तीर्थ सिंह ठाकुर ने बीती रात हिमाचल के सिरमौर जिले के एक छोटे से गांव में बिताई। इस गांव से जस्टिस ठाकुर का बेहद गहरा नाता है। नाता क्या, उनकी सुसराल इस गांव में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लालकिले की प्राचीर से दिए गए भाषण के बाद मोदी के भाषण पर उनके ब्यान से उपजी चर्चा के बाद जस्टिस ठाकुर हिमाचल प्रदेश के दौरे पर है।

इस कड़ी में बुधवार को वो अपनी धर्मपत्नी संग चंडीगढ़ पहुंचे और पीजीआई में रिश्ते में उनके सुसर, का कुशलक्षेम पूछा। इसके बाद सड़क मार्ग से वो सिरमौर की ओर रवाना हो गए। सिरमौर में राजगढ़ के मड़योग में पहुंचने पर स्थानीय लोगों व प्रशासन ने उनका स्वागत किया।

डीसी सिरमौर बी सी बड़ालिया और महिला एसपी सोम्या सांबशिवन ने उन्हें व उनकी धर्मपत्नी को गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद वो अपने ससुराल गांव दाड़ो देवरिया की ओर रवाना हो गए।

गांव में लोगों ने परंपरागत तरीके से उनका खूब स्वागत किया। जस्टिस ठाकुर 19 तारीख को जिला शिमला के घंडल नामक स्थान पर ज्यूडिशियल अकादमी का उदघाटन करेंगे। इसके बाद वो 20 तारीख को हिमाचल प्रदेश विवि में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में शिरक्त करेंगे। विवि की ओर से उन्हें मानद उपाधि भी दी जाएगी।

# धूमल राज के खिलाफ सौंपी थी 125 आरोपों की चार्जशीट:सोफ्त

**शिमला/शैल।** कभी सोलन से भाजपा के फायरब्रांड नेता महेंद्र नाथ सोफत अपने राजनीतिक दुश्मन व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से 14 अगस्त को यारी कर गए हिमाचल लोकहित पार्टी के प्रमुख महेश्वर सिंह पर सोशल मीडिया पर बरसे हैं। सोफत को भाजपा के वरिष्ठ नेता व शांता कुमार का करीबी माना जाता रहा है। ये अलग बात है कि शांता कुमार इनकी मद्द न कर पाए हो।

सोफत को महेश्वर सिंह का भाजपा में जाना बुरी तरह से अखरा है। उन्होंने प्रदेश की जनता को याद दिलाया कि ये वही महेश्वर सिंह जिन्होंने 2012 में विधानसभा चुनावों से पहले तब कि धूमल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला था। महेश्वर सिंह ने तब धूमल पर राज्य में भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का संगीन आरोप लगाया था और तब के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अब मोदी सरकार में मंत्री नीतिन गडकरी को धूमल के खिलाफ 125 आरोपों की चार्जशीट सौंपी थी। चार्जशीट उन्होंने बतौर भ्रष्टाचाार मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष सौंपी थे। अब वो आरोप कहां गए।

जब प्रदेश में उन्होंने हिलोपा के गठन का पलान किया था तो कहा था कि वो इस पार्टी को इसलिए गठित कर रही है ताकि भाजपा सता में न आए और अब ये दावा कर रहे है कि वो भाजपा में पार्टी का विलय इसलिए कर रहे हैं ताकि कांग्रेस सता में न आए। सोफत ने कहा कि महेश्वर सिंह हिमाचल की जनता को अपने राजनीतिक हितों की खातिर मूर्ख बना रहे है। उन्होंने महेश्वर सिंह पर एक और इलजाम लगाया कि उन्होंने अपने साथी नेताओं का इस्तेमाल किया और अब उन्हें फेंक दिया। उन्होंने कहा कि जनता सब कुछ समझती हैं और सही समय पर जवाब भी देगी।

याद रहें कि सोफत को 1998 से 2003 के बीच की धूमल सरकार के वक्त भाजपा का टिकट नहीं दिया था जबकि सोफत ने सुप्रीम कोर्ट से चुनाव याचिका जीती थी। भाजपा ने तब राजीव बिंदल को टिकट दिया और धूमल ने महेंद्र सिंह ठाकुर समेत सारे मंत्री बिंदल को जीताने के लिए चुनाव प्रचार में झोंक दिए थे तब से लेकर अब तक सोफत राजनीतिक तोर पर हाशिए पर ही है। अब वो आप में जाने का विकल्प खोला रखे हुए है। इसके अलावा हिलोपा पर भी उन्होंने दावा ठोक रखा।

# जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**शिमला/शैल।** जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद लेफ्टिनेंट अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में हमीर भवन में आयोजित की गई। सांसद अनुराग ठाकुर ने समस्त विभागीय अधिकारियों से कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लोगों के कल्याणर्थ जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उन्हें समयबद्ध लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें ताकि आम जनता को इन योजनाओं का उपयुक्त लाभ मिल सके।

उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को चौक डैम के पानी को सिंचाई तथा अन्य कार्यो के उपयोग में लाने तथा हर खेत तक पानी पहुंचे इस के लिए भी प्लान तैयार करने के दिशा निर्देश दिए गए इसके साथ पुरानी स्कीमों के जीर्णोद्वार के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के दिशा निर्देश दिए गए ताकि लोगों को सिंचाई के लिए उपयुक्त पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने कृषि विभाग को जिला में जैविक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल देते हुए कहा कि जिला में पंचायत स्तर तक लोगों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूक करें।

इसके साथ ही पशुपालन विभाग को दूध उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए आवश्यक कदम उठाने के दिशा निर्देश देते हुए कहा कि दूध उत्पादन में स्वरोजगार की असीम संभावनाएं हैं तथा इस संबंध में पशुपालकों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए अन्य जिलों में ले जाएं ताकि पशु पालक इस दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रयोजित स्कीमों में पैसे की किसी तरह की कमी नहीं रहेगी तथा इस के लिए विभागीय अधिकारी योजनाओं का समयबद्व कार्यान्वयन सुनिश्चित जरूर करें।



इससे पहले उपायुक्त मदन चौहान ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो का नियमित तौर पर निरीक्षण भी किया जा रहा है तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करने पर विशेष बल दिया जा रहा है ताकि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

इस अवसर पर एसपी अजय बौद्ध, जिला परिषद के अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित विभिन्न सरकारी तथा गैरसरकारी सदस्य मौजूद रहे।

# शूलिनी विश्वविद्यालय में इन्सपाइर विज्ञान कैंप जुटे प्रदेश भर के टॉपर



**शिमला/शैल।** शूलिनी विश्वविद्यालय मे 25वां इन्सपाइर विज्ञान कैंप का शुभारंभ हुआ। इस कैंप में प्रदेश भर के 12 स्कूलों के 159 छात्र भाग ले रहें हैं। यह सभी विद्यार्थी कक्षा 11 के फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स एवं बयोलॉजी संकाय के हैं जिन्होनें दसवीं कक्षा की परीक्षा में पूरे हिमाचल में एक प्रतिशत टापर श्रेणी में अपना स्थान बनाया है। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग(डी.एस.टी) द्वारा अनुदानित यह आयोजन 16 से 20 अगस्त तक चलेगा।

हिमाचल प्रदेश प्राइवेट एडुकेशनल रेग्युलेटरी कमिशन के सदस्य सुनील शर्मा इस मौके पर चीफ गेस्ट रहे। अपने व्याख्यान में उन्होनें बड़े ही सरल अंदाज में छात्रों को अपने लक्ष्य को पाने के लिए सही रास्ता चुनने और जीवन में अपने माता-पिता और शिक्षकों का हमेशा आदर सत्कार करने की सलाह दी।

पदम श्री से साम्मानित प्रो. आर. सी. सोबती इस कार्यक्रम के लिए गेस्ट ऑफ ऑनर रहे।वर्तमान में वह बाबासाहेब भीमराओ अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति हैं। इससे पहले वह चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय के भी कुलपति रह चुके हैं। वह इंडियन नेशनल साइन्स अकादमी के फैलो भी है।

अपने लैक्चर में प्रो. सोबती ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नवीनीकरण के ऊपर चर्चा की। उन्होनें छात्रों को सलाह दी की वह अपने आस-पास की चीजों को अलग नजरिए से देखें ताकि उनमें से नई खोजें ढूंढ निकाल सकें। उन्होनें बताया की दुनिया भर में इस बात पर सहमति है कि भारतीय संस्कृति और रसम रिवाज विज्ञान पर ही आधारित रही हैं इसलिए हमें उनका आदर करना चाहिए। उन्होनें विज्ञान, सामाजिक विज्ञानऔर अन्य विषयों के बीच की दूरी को खत्म करने की भी बात कही क्यूंकि सिर्फ साइन्स से ही अकेले कुछ नहीं हो सकता।

इस मौके पर शूलिनी विश्वविद्यालय के उप कुलपति प्रो. पी. के. खोसला ने छात्रों को विज्ञान के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए भारत सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न उपायों, रिसर्च के आयामों के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. सुनील पूरी ने बताया कि इन्सपाइर कैंप का मकसद छात्रों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में हो रहे नए अनुसंधान, खोज और अध्ययन से अवगत करना है। इस शिविर के आयोजन का उद्देशय है की देश के युवा अनुसंधान केंद्रित विचारधारा को अपनाए, जिससे की देश विकास की राह पर अग्रसर हो सके। पाँच दिन चलने वाले शिविर में विज्ञान विषय जैसे बायोलोजी, रसायन शास्त्र, भौतिकी विज्ञान आदि का व्यवहारिक ज्ञान दिया जाएगा। भाग ले रहे छात्रों को प्रख्यात वैज्ञानिकों से भी रूबरू होने का मौका मिलेगा। इस शिविर के दौरान छात्रों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा, क्विज आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

# अन्य हितधारकों को भी शिक्षित करें न्यायिक अकादमियां:सीजेआई

**शिमला/शैल।** भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तीरथ सिंह ठाकुर ने शिमला के समीप घण्डल में हि.प्र. न्यायिक विधिक अकादमी के छात्रावास खण्ड का लोकार्पण करने के उपरांत अपने संबोधन में कहा कि न्यायिक अकादमियों का उद्देश्य केवल न्यायिक अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना ही नहीं होना चाहिए बल्कि अन्य हितधारकों जैसे विधि विद्यार्थियों व आम लोगों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए जो अर्द्ध-न्यायिक कार्यों से संलग्न हैं।

उन्होंने न्यायिक अकादमियों के निर्माण पर होने वाले भारी खर्च पर चिंता जताते हुए कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि से अकादमियां आने वाले समय में अपने लक्ष्य पर खरी उतर सकें। इसके लिए यह आवश्यक है कि राज्य की अकादमियां राष्ट्रीय विधिक अकादमी के साथ सम्पर्क में रहें ताकि प्रशिक्षण पाठयक्रमों को कुशलतापूर्वक तैयार किया जा सके। उन्होंने राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों से आग्रह किया कि इन अकादमियों के प्रत्येक दिन का समुचित उपयोग सुनिश्चित बनाया जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विशेष प्रशिक्षण मापदंड तैयार किए जाने चाहिए। यह उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का दायित्व बनता है कि अकादमी का सही उपयोग सुनिश्चित बनायें और वर्ष भर चलने वाले पाठयक्रमों को उचित प्रकार से तैयार करें। न्यायमूर्ति ठाकुर ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि शिमला में राष्ट्रीय विधिक विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए वह मामला प्रधानमंत्री के समक्ष रखेंगे और अगर प्रदेश सरकार को अतिरिक्त वित्तीय सहायता की आवश्यकता हुई तो वित्त मंत्री के समक्ष भी इस मामले को उठाएंगे।




भारत के मुख्य न्यायाधीश ने देश के न्यायालयें में लम्बित पड़े मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि यह निरन्तर प्रक्रिया है। विभिन्न अध्ययनों से पता चलता है कि ऐसे मामलों का सम्बन्ध प्रत्यक्ष तौर पर साक्षरता व समृद्धि से है। जहां लोग शिक्षित हैं, वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं और उच्च साक्षरता दर के कारण अपनी छोटी-मोटी शिकायतों के लिए भी न्यायालयों की शरण लेते हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के लम्बित मामलों में 50 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो सराहनीय प्रदर्शन है। लंबित मामलों में इतनी गिरवाट किसी अन्य राज्य के उच्च न्यायालय में उन्होंने नहीं सुनी है। देश के आठ राज्यों-उत्तरप्रदेश, पश्चिमी बंगाल, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक इत्यादि में 80 प्रतिशत का बैकलॉग है जिसका दबाव पूरी न्यायिक व्यवस्था को प्रभावित करता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने बैकलॉग निपटाने में हिमाचल प्रदेश व केरल राज्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह न्यायालयों में न्यायाधीशों के अधिकांश पद भरे होने के कारण संभव हो सका है। हिमाचल उच्च न्यायालय का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यहां न्यायाधीशों के 13 पद स्वीकृत है और मात्र दो पद ही रिक्त हैं जिसके कारण त्वरित न्याय प्रणाली सुनिश्चित हुई है। लेकिन जिन उच्च न्यायालयों में जहां न्यायाधीशों के पद भरे नहीं गए हैं, उन्हें भरने की आवश्यकता है क्योंकि लम्बित मामलों का निपटारा न्यायपालिका के लिए राष्ट्रीय चुनौती है।

न्यायमूर्ति ठाकुर ने कहा कि उनकी जानकारी में लाया गया है कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में 33240, अधीनस्थ न्यायालयों में 2,51,325 मामले लम्बित हैं और वर्ष 2013 में कुल 59133 लम्बित मामले थे जो 31 जुलाई, 2016 तक 30509 रह गए जिसके कारण लम्बित मामलों में 50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने शिमला में न्यायिक अकादमी की स्थापना पर भारी धनराशि खर्च करने के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अकादमी से न केवल हिमाचल प्रदेश के विद्यार्थियों को लाभ होगा बल्कि देश के अन्य क्षेत्रों के प्रतिभावान विद्यार्थी भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद हिमाचल प्रदेश की शिक्षा दर बेहतर है, जो सराहनीय है। उन्होंने बेहतरीन परिसर निर्माण के लिए इंजीनियरों की प्रशंसा की और इस परियोजना को सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त किया।

न्यायमूर्ति टी.एस. ठाकुर ने घण्डल में ही 137 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाले राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की आधारशिला भी रखी।

# यह है आहलूवालिया के खिलाफ शिकायत

पृष्ट 1 का शेष

case due to lack of infrastructure and bacic necessities of the University. Surprisingly the same Abhilashi Educational Society was given the permission to set up Abhilashi University in year 2014 by the present government within a period of 4 months ( News Paper cutting of MD of Abhilashi Grope enclosed). A deal of Rs. 5 Crore took place between Sh. Ahluwalia and Mr. R.K. Abhilashi. The money was given to him in shimla.

10. TAQA and SORANG POWER DEAL:- Sh. Shubhash Ahluwalia was instrumental in selling of 100MW SORANG Hydro Project in Kinnaur to Arabian Company TAQA. The total deal was of 650 Crores out of which around Rs.5 Crore was received by Shubhash Ahluwalia as kick back. Mr. Anup Banyal of SORANG POWER coordinated for this deal and the money was siphoned off to Dubai.

11. THE RELIANCE DEAL : HP Govt. allotted a cement plant to Anil Dhiru Bhai Ambani Group (Reliance) in Chopal, Distt. Shimla H.P. Interestingly no fresh bids or EOI were called and through a simple application from Reliance the Cement plant was allotted. In this case Sh. Shubhash Ahluwaila along with Vakamulla Chander Shekhar had deal with Tony Jasudhan of Reliance Group of Rs.50 Crores.

It is pertinent to mentioned here that almost 100 crores has been accumulated by this man as Black Money through the above mentioned deals and more can only come out if investigated at your end.

Investment made through Black Money:-

Sh. Ahluwaliya in his tenure of Pr. P.S. to Chief Minister Himachal Pradesh from 2003-2007 and 2013-onwards has minted more than 100 Crores, other than is undervalued properties as disclosed by him in his IT returns he has invested around 50-75 Crores in various industrial House of the Country with in State and Country and abroad.

Following are some of his investments:-

1. Rs. 50 Crores in Jaypee infra, Noida, and money is being laundered through Mr.S.K.Talwar Vice President of Jaypee group. (
Jaypee wish town and Jaypee Greens)
2. Investment in Haryana (Punchkulla), Punjab (Roopnagar and New Chandigarh, Mullanpur) of around 10 Crores with Omaxe Builders (Mr.Rohtash) and Lalit Jindal.
3. Investment of around 5 Crores through Mr. Anil Walia Proprietor of HIMLAND Hotel Shimla in his newly constructed Hotel and Resorts "Mahasu Resorts" Mashobra.
4. Investment of around 5 Crores in Gabbles Group through Mr. Garg who owns gabbles Hotel and cottages in Old Moshobra, Shimla.
5. Investment of around 15 Crores in RIMT world School, Manimajra and RIMT Colleges through Mr.Gupta (Gupta Hardware Sector-7 Chandigarh and Mr. Bansal)

Sir, these are only few of his black Money investments and if investigated more will come out.

Detail of Properties of Sh. Shubhashliwalia & Family.

1. House at Shimla in his own name (Lakkar Bazar)
2. MIG Flat- Straberry Hill, Shimla in wife's name.
3. Three BHK Flat in Vatika Towers, Gurgaon in his Wife's name.
4. Plot in village Kansal, Distt. Roop Nagar Punjab in his Wife's Name. (Near Sukhna Lake)
5. 226 Sqr. Mtrs. Plot in Kaithu, Shimla in his son's name. (Construction Going on)
6. 3 BHK Flat in Swasthik Vihar, Punchkulla Haryanan joint name of wife and Daughter.
7. Flat 3 BHK in Kanak Towers, The Nile (Omex Builders), Gurgaon, in his wife's name.
8. Land/ Plot in Parwanoo owned in his name earlier and in papers sold to Sh.Nirmal Jindal of Oriental Industries Parwanoo.
9. House No. 23 in IAS Officer's Colony PanthaGhati Shimla in his name.
10. Cottage in Moshobra (Gabbles Construction Group) below Club Mahindra Resort, Old Mashobra, Shimla.
11. House / Plot in Dehradun in Appurva Housing Society.
12. Plot in Amaravati Enclave, NH-22.
13. Property/ House in United State (Son and daughter are living in US)
14. Orchard in Gaura Mashnoo (Rampur), (Benami Purchace)
15. Property in Om towers in Jaipur (Rajasthan)
16. Plots in Macloedgung Dhramshala (Near Khaniyara and Naddi)
17. 3 BHK Flats in Jaypee Greens, Noida(Pavillion court and calypso court, around 7 crores each.)
18.Property in Jakhu (Shimla) near Jodha Niwas.

The above 19 property details are revelaed from earlier investigation carried out by state Investigation agency (Anx-II) and certain sources. The above Properties are worth crores of rupees and we are quite hopeful that there shall be more Properties in his name or his wife name or benami if investigated.

Details of Bank Accounts:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | HPState Co-op. Bank | A/c No.:- | 43501100 |
| 2. | --------do-------------- | A/c No. :- | 435011393 |
| 3. | --------do-------------- | A/c No.:- | 435012490 |
| 4. | --------do-------------- | A/c No.:- | 435011984 |
| 5. | --------do-------------- | A/c No.:- | 435012491 |
| 6. | HDFC Bank , Shimla, | A/cNo.:- | 524193000085 |
| 7. | Indian Overseas Bank | A/c No.:- | 30020 |
| 8. | SBI,Shimla, | A/c No.:- | 10836130231 |
| 9. | ICICI Bank Shimla, | A/c No.:- | 63530103984909 |
| 10. | State Bank of Patiala, Secretariat Branch | A/c No.:- | 550694424966 |
| 11. | PNB, Shimla | A/c No:- | 0427000103984909 |
| 12. | HP State Co-op. Bank | A/c No.:- | 2678 |
| 13. | Indian Overseas Bank | Ac No.:- | 30836 |
| 14. | Indian Overseas Bank | A/c No.:- | 30859 |
| 15 | HDFC Bank | A/c No.:- | 16924 |

The above Accounts are of Sh. Shubhash Ahluwalia and his family members which they got from his IT returns and one more account in Yes Bank, Branch Baddi with account No. :- 329070000027 was also found in the name of his wife Smt.Meera Ahluwalia which was never revealed in the IT returns of Both. Not only this when the state investigation team in 2010 referred these accounts for scrutiny to C.A Mr.Rajeev Sood his finding was "cash flow negative, meaning that deposits are more than the known Source of income". The CA in its report (2010) revealed that total income of both husband and wife from the known source is Rs. 70 Lacs but the amount deepsited in the Bank accounts mentioned above and known through ITR is around 1 crore 30 lacs which is almost 60 lacs more than the source income. (Annex-II, F-B).

Sir if investigated more undisclosed bank accounts will come in to light not only in India but also in countries like United States of America where son and daughter resides and in Dubai and Singapore (Where one of his Sister in law lives)

Sir regarding the above issues and information we have written to Special Director (Enforcement) at Chadigarh Director (Investigation) IT, Panchkulla and CBI ( Annex-III, IV, V) but nothing has happened till date. Sir since it's a matter of great public importance that such corrupt persons should be put to task we request your goodself to kindly inquire an investigation this matter so that our country may get rid of such officials an dream of our Prime Minister Narender Modi ji becomes a reality.

Jai Hind

Ajay Prashar
S. Advocate

Anil Kalia
Advocate District Court, Una (H.P.)

We are also enclosing you certain details along with tetephone nos of persons associated with him for your investigation . (Annex-VI)
And a zest of events regarding his case and SIT investigations for your help.(Anex-VII)

सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक श्री बलदेव शर्मा द्वारा ऋचा प्रिंटर्ज एण्ड पब्लिशर्ज़ रिवोली बस अड्डा लक्कड़ बाजार शिमला से प्रकाशित व मुद्रित दूरभाष: 0177-2805015, 94180-15015 फैक्स: 2805015

# खरीद नीति मे बदलाव के कारण 14 रु प्रति किलो मंहगा मिलेगा सरसों तेल

**शिमला/शैल।** प्रदेश सरकार पीडीएस के तहत दिये जाने वाले राशन की खरीद नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से करती है इसके लिये नीति निर्धारित मन्त्री परिषद करती है। पीडीएस के तहत राशन इसलिये दिया जाता है ताकि उपभोक्ता को यह राशन सस्ता मिल सके। क्योंकि जब किसी चीज की खरीददारी सरकार करेगी तो उसका आर्डर थोक में होगा। थोक में आर्डर होने के कारण कीमत का कम होना स्वाभाविक है। इसलिये लोगों को सस्ता राशन देने को सरकार अपनी उपलब्धि मानती है। लेकिन जब सरकार की अपनी गल्लती से चीज की कीमत बढ़ जाये तो उस स्थिति में दोष किसको दिया जाये। किसके सिर इसकी जिम्मेदारी डाली जाये। यह सवाल इन दिनों वीरभद्र सरकार से जवाब मांग रहा है।

सरकार ने प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को सस्ता राशन उपलब्ध करवाने की नीति बना रखी है। इस नीति के तहत सरकार सरसों का तेल और रिफाइंड की खरीद करती है इसके लिये नीति थी कि सरसों तेल और रिफाइंड के लिये नागरिक अपूर्ति निगम एक साथ टैण्डर आमन्त्रित करेगी। दोनों के टैण्डर खुलने पर कीमतों का आकलन करने पर यदि दोनों की कीमतों में दस रूपये तक का अन्तर होगा तो मंहगा होने पर भी खरीद लिया जायेगा। इस नीति के तहत तेल खरीद के मई में टैण्डर आमन्त्रित किये गये और खोले गये। इन टैण्डरो में रिफाईड का रेट 67 रूपये और सरसों तेल का रेट 86 रूपये प्रति किलो आया। नीति के मुताबिक दोनों की कीमतों में दस रूपये से ज्यादा का अन्तर होने के कारण रिफाइंड की खरीद की जानी थी। लेकिन जब इस आश्य का प्रस्ताव तैयार होकर मन्त्री के सामने रखा गया तो मन्त्री ने उस पर यह मंशा जाहिर की कि उपभोक्ता रिफाइंड से ज्यादा सरसों का तेल ज्यादा पंसद करते हैं। इसलिये रिफाइंड के स्थान पर सरसों का तेल की खरीद की जानी चाहिये।

मंत्री की मंशा को पूरा करने के लिये खरीद नीति में बदलाव किया जाना था और टैण्डर खुलने के बाद आपूर्ति निगम के अपने स्तर पर यह बदलाव किया नही जा सकता था। इसके लिये पूरे मामले को मन्त्री परिषद के सामने रखने की बाध्यता आयी और 22 जून को यह मामला मन्त्री परिषद में रखा गया। मन्त्री परिषद ने तीन माह के लिये सरसों तेल के लिये फिर से टैण्डर मंगवाये गये। नये आये टैण्डरों में सरसों तेल की न्यूनतम रेट 99.39 रूपये और उसके बाद 99.99 रूपये आया है सयोंग वश 99.99 रूपये रेट उसी फर्म का आय है जिसने मई में 86 रूपये रेट दिया था। लेकिन अभी तक यह फैसला नही हो पाया है कि स्पलाई आर्डर 99.39 पर दिया जाये या 99.99 रूपये पर।

फैसला कुछ भी लिया जाये लेकिन इसमें उपभोक्ता को 14रूपये प्रति किलो के अधिक दाम चुकाने पडेगें उपभोक्ताओं को सामूहिक तौर पर छः करोड़ से अधिक की चपत लग जायेगी। स्पलायर को छः करोड़ का लाभ मिल जायेगा। यहां पर यह सवाल उठता है कि खरीद नीति को बदलने की आवश्यकता क्यों आ पड़ी? यदि खरीद बदलने की आवश्यकता समझी गयी तो सरकार के पास मई में 86 रू0 किलो का जो रेट आया था मन्त्री परिषद ने उसी का अनुमोदन क्यों नहीं कर दिया। अब जो उपभोक्ता को प्रति किलो 14 रूपये की अधिक कीमत चुकानी पडेगी उसके लिये कौन जिम्मेदार है विभाग का प्रशासनिक तन्त्र संबधित मन्त्री या फिर पूरी मन्त्री परिषद इससे सरकार का कोई नुकसान नही है केवल उपभोक्ता का नुकसान और लाभ सीधे स्पलायर का है।

# हंगामेदार होगा विधानसभा का यह सत्र

**शिमला/शैल।** विधानसभा का मानसून सत्र किस तरह का रहेगा? क्या इसमें विधायी कार्य हो पायेंगे या फिर वाकआऊट और नारेबाजी की भेंट चढ़ जायेगा जैसा की एक बार 2015 में हुआ था। उस समय तो केवल मुख्यमन्त्री के प्रधान निजि सचिव सुभाष आहलूवालिया को ईडी के शिमला स्थित कार्यालय द्वारा बुलाये जाने पर प्रदेश सरकार द्वारा यहां तैनात सहायक निदेशक की प्रतिनियुक्ति रद्द करने को लेकर केन्द्र सरकार को भेजा पत्र ही चर्चा में आया था। जबकि आज तो स्वयं मुख्यमंत्री सीबीआई में और उनकी पत्नी पूर्व सांसद ईडी में पेश हो चुकी हैं उनका एलआईसी ऐजेन्ट आनन्द चौहान ईडी की गिरफ्तारी झेल रहा है जबकि आज तो पति-पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और मनीलॉडरिंग के मामले दर्ज हैं।

दूसरी ओर पूर्व मुख्यमन्त्री और नेता प्रतिपक्ष को उनके खिलाफ वीरभद्र की विजीलैन्स द्वारा चलाये जा रहे मामलों में लगातार अदालत से राहत मिलती जा रही है। वीरभद्र के सारे दावों के बावजूद विजिलैन्स द्वारा चलाये जा रहे मामलों में लगातार अदालत से राहत मिलती जा रही है। वीरभद्र के सारे दावों के बावजूद विजिलैन्स चार वर्षो में धूमल के खिलाफ आय से अधिके संपति की शिकायत में मामला दर्ज करने लायक आधार नहीं जुटा पायी है। इससे यही संदेश उभरता है कि वीरभद्र सरकार जबरदस्ती धूमल के खिलाफ कोई न कोई मामला खड़ा करना चाह रही है और उसमें भी उसे सफलता नही मिल रही है। इस वस्तुस्थिति से जनता का ध्यान हटाने के लिये वीरभद्र ने अलग रणनीति अपनाते हुए जनता में जाने का कार्यक्रम आरम्भ कर दिया। पूरे प्रदेश का तूफानी दौरा शुरू कर दिया। जंहा भी जा रहे हैं जनता में खुले हाथों वह सब कुछ बांट रहे हैं जिसके पूरा होने पर अब आम आदमी को भी सन्देह होने लग पडा है। क्योंकि अधिकांश घोषनाएं बिना बजट प्रावधानों के हो रही हैं। इन घोषनाओं पर अमल करने के लिये प्रशासन के भी हाथ खड़े हो गये हैं। बहुत सारी ऐसी घोषणाएं हैं जिनकी अधिसूचनाएं अभी तक जारी नही हो सकी हैं। लेकिन मन्त्री मण्डल की हर बैठक में नौकरियों का पिटारा लगातार खुल रहा है। इससे अपने आप यह संदेश जा रहा है कि अब तक नौकरियां देने के सारे दावे ओर आंकड़े केवल ब्यानबाजी तक ही सीमित रहे हैं। पूरा परिदृश्य हर कोण से मध्यावधि चुनावों के संकेत उभार रहा है।

लेकिन इन व्यवहारिक स्थितियों का आकलन करके जब नेता प्रतिपक्ष प्रेम कुमार धूमल समय पूर्व चुनावों की संभावना जता रहे हैं तो उन्हे ज्योतिषी होने का तमगा दिया जा रहा है। सीबीआई और ईडी की जांच में जैसे जैसे गति बढ़ती जा रही है उसी अनुपात में कांग्रेस नेताओं ने वीरभद्र के सांतवी बार भी मुख्यमन्त्री बनने के दावे करने शुरू कर दिये हैं। ऐसे में इन दावों-प्रति दावों के बीच विपक्ष के पास सरकार पर हमलावर होने का पूरा मौका है। बल्कि हमलावर होकर पूरी वस्तु स्थिति प्रदेश की जनता के सामने लाना भी विपक्ष का दायित्व है। ऐसे में यह उम्मीद की जा रही है कि इस परिदृश्य में जब सदन के पटल पर पक्ष और विपक्ष का आमना-सामना होगा तो जनता के सामने कई चौकाने वाले खुलासे आयेंगे।

# हिलोपा के विलय से विकल्प की संभावनाओं पर फिर लगा प्रश्न चिन्ह

**शिमला/शैल।** महेश्वर सिंह हिमाचल लोक हित पार्टी के भाजपा में विलय से एक बार फिर प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के विकल्प की संभावनाओं की हत्या हुई यह मानना है उन लोगों का जो विकल्प की तलाश में है। प्रदेश में एक लम्बे अरसे से कांग्रेस और भाजपा का ही शासन चला आ रहा है। इस शासन की विशेषता यह रही है कि दोनो ने विपक्ष में बैठकर सत्तापक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के गंभीर आरोप पत्र राजभवन को सौंपे हैं लेकिन सता में आने पर उनकी जांच का जोखिम न उठाया है। दोनो ने इस धर्म का ईमानदारी से पालन किया है। भ्रष्टाचार पोषण की इस संस्कृति का प्रदेश पर यह असर पडा है कि सरकार का कर्ज भार हर वर्ष लगातार बढ़ा है और इसी अनुपात में हर बार बेरोजगारों का आंकडा बढ़ा है। बढ़ता कर्ज और बढ़ती बेरोजगारी सत्ता में बैठे इन माननीयों के अतिरिक्त हर व्यक्ति के लिये गंभीर चिन्ता और चिन्तन का विषय बना हुआ हैं। इसलिये आम आदमी आज ईमानीदारी से कांग्रेस और भाजपा का विकल्प चाहता है।

प्रदेश में कई बार विकल्प के प्रयास हुए हैं इनमें 1989-90 में जनता दल ने 17 सीटों पर चुनाव लड़कर 11 पर जीत हासिल की थी। स्व. ठाकुर राम लाल स्व. रणजीत सिंह के अतिरिक्त विजय सिंह मनकोटिया और श्यामा शर्मा जैसे लोगों के हाथ में इसका नेतृत्व था। लेकिन भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था जिसमें भाजपा को अपनी ही 46 सीटें मिल गयी थी और शान्ता कुमार ने जनता दल को सत्ता में भागीदार नहीं बनाया। इसका परिणाम यह हुआ कि जनता दल भी विकल्प बनने से पहले ही समाप्त हो गया। उसके बाद पंडित सुखराम ने कांग्रेस से निष्कासित होकर हिमाचल विकास कांग्रेस का गठन किया। हिविंका ने 1998 के चुनाव में पांच सीटों पर जीत हासिल की। पांचों विधायक धूमल की सरकार में मन्त्री बन गये और आगे चलकर आधी हिविंका भाजपा में और आधी कांग्रेस में शामिल हो गयी। हिविंका के बाद विजय सिंह मनकोटिया ने बसपा के हाथी का दामन थामा। मायावति के पूरे सहयोग के बावजूद यह हाथी पहाड़ पर नहीं चड़ पाया और मनकोटिया फिर कांग्रेस में वापिस चले गये।

मनकोटिया के बाद महेश्वर ने भाजपा के भीतर विरोध और विद्रोह के स्वर मुखरित किये। धूमल के खिलाफ गडकरी को अरोप पत्र सौंपें और अन्त में भाजपा से बाहर निकलकर हिमाचल लोक हित पार्टी बनाकर चुनाव लड़ा। हिलोपा को चुनाव में समाप्त भारत पार्टी के सुदेश अग्रवाल ने तो वित्तिय सहयोग भी बहुत दिया था। हिलोपा के चुनाव लड़ने पर अमेरीकी दूतावास तक ने रूची ली थी और उसके लोग तो हिलोपा के शिमला स्थिति मुख्यालय भी पहुंचे थे। इस सहयोग से ही यह सकेंत उभरे थे कि हिलोपा प्रदेश में एक विकल्प के रूप में अवश्य अपनी पहचान बनायेगी। आज हिलोपा के विलय से इस उम्मीद की निश्चित तौर पर हत्या हुई है। बल्कि एक समय तो यह उम्मीद भी बन्ध गयी थी कि हिलोपा और आम आदमी पार्टी प्रदेश में एक होकर एक कारगर विकल्प बन पायेंगे लेकिन आम आदमी पार्टी को तो प्रदेश में दो वर्ष बाद अपनी ईकाई तक भंग करनी पड गयी है। जून में ईकाई भंग करने के बाद केजरीवाल ने प्रदेश में दिल्ली से एक छः सदस्यों की टीम राजनीतिक स्थितियों का आकलन करने के लिये भेजी थी लेकिन यह टीम तो भंग ईकाई से भी ज्यादा अप्रभावी सिद्ध हुई है। क्योंकि यह टीम अभी तक कोई आकलन ही सामने नही ला पायी हैं।

ऐसे में राजनीतिक और प्रशासनिक हल्कों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि प्रदेश में विकल्प के प्रयास सफल क्यों नही हो पा रहे हैं। इस सवाल की गंभीरता से पडताल करने के बाद यह सामने आता है कि विकल्प का प्रयास करने वाले मुख्यरूप से वही लोग रहे हैं जिन्होने कभी न कभी भाजपा या कांग्रेस में सत्ता का सुख भोगा हुआ था। सत्ता का हिस्सा रह चुके लोग सत्ता के खिलाफ कभी भी ईमानदारी से आक्रामक नही हो पाते हैं। जबकि सता का विकल्प बनने के लिये सता पक्ष और उसके दावेदारों के खिलाफ खुलकर आक्रमक होना एक अनिवार्यता है। लेकिन विकल्प होने का दम भरने वाला कोई भी नेता ऐसी आक्रमकता नही निभा पाया है और इसलिये उसकी विश्वसनीयता नही बन पायी है। आज जिस ढंग से आम आदमी पार्टी प्रदेश में काम कर रही है उसमें भी आक्रमकता कहीं देखने को नही मिल रही है। दो वर्षों से आप प्रदेश में काम करते हुए आम आदमी को यह नही समझा पायी है कि प्रदेश में विकल्प क्यों चाहिये? कांग्रेस और भाजपा ने प्रदेश का अहित क्या किया है? उस अहित का समाधान क्या है? जब तक इन प्रश्नो पर कोई खुलकर प्रदेश की जनता के सामने पूरी निष्पक्षता के साथ स्थिति को नही रखेगा तब तक विकल्प का कोई भी प्रयास सफल नहीं हो सकता है।